दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
वर्षः- 03
अंकः-256
मुरादाबाद
05 January 2024
(Friday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार



### ऑनर किलिंग: प्रेमी युगल की मौत के बाद भी लाशों को पीटते रहे हत्यारे, फावड़े से काटी गर्दन... सिर कुचला

बदायूं के गांव परौली में महेश ने घरवालों के साथ मिलकर अपनी बेटी नीतू ( 19 ) और उसके प्रेमी जयपाल उर्फ सचिन ( 20 ) की फावड़े से काटकर हत्या कर दी थी। आरोपियों ने बड़ी ही बेरहमी से दोनों की हत्या की थी। मौत के बाद भी उनकी लाशों को पीटते रहे थे। बदायूं के बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव परौली में मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे हत्यारे नीतू और जयपाल की मौत के बावजूद उनकी लाशों पर लगातार लाठियां बरसा रहे थे। उनके सिर व गर्दन पर फावड़े मार रहे थे। दोनों की मौत हो चुकी थी लेकिन उनका गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा था। यह देखकर जयपाल के पिता सूरजपाल की रूह कांप गई थी। वह कुछ दूरी पर खड़े थे लेकिन हत्यारोपियों का गुस्सा देखकर उनकी आगे बढ़ने की हिम्मत नहीं हुई और वह नजदीक में जाकर छिप गए। गांव परौली निवासी सूरजपाल की झोपड़ी उनके घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर बनी है। उसी में वह रात को अपनी गाय बांध देते हैं। मंगलवार की रात क्या चल रहा था, उनको कोई जानकारी नहीं थी। वह खाना खाकर अपने घर से झोपड़ी में सोने चले गए थे। सूरजपाल का कहना है कि उन्होंने मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे अपने घर के दरवाजे पर शोर शराबा सुना था। पहले तो वह कुछ देर तक अपनी झोपड़ी में रजाई में लेटे रहे लेकिन तब शोर ज्यादा बढ़ा तो वह चारपाई से उठकर अपने घर की ओर बढ़े। उन्होंने देखा कि महेश और उसके परिवार वाले उसके बेटे जयपाल व अपनी बेटी नीतू पर ताबड़तोड़ लाठी-डंडों और फावड़े से हमला कर रहे थे। दोनों के सिर व गर्दन से खून की धार फूट रही थी। दोनों की मौत हो चुकी थी। उनके मुंह से कोई आवाज तक नहीं निकल रही थी। इसके बावजूद हत्यारे जयपाल व नीतू की लाशों को पीटते रहे। हत्यारोपियों ने जयपाल और नीतू के सिर कुचल दिए थे। भयानक दृश्य देखकर सूरजपाल की रूह कांप गई

## लक्षद्वीप की प्राकृतिक सुंदरता के बीच पहुंचे पीएम मोदी, साझा कीं दौरे की मंत्रमुग्ध करने वाली तस्वीरें





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को लक्षद्वीप दौरे पर पहुंचे। उन्होंने लक्षद्वीप की शानदार तस्वीरें अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की। पीएम मोदी ने स्नॉर्कलिंग का भी अनुभव कियाअपने लक्षद्वीप दौरे के दौरान पीएम मोदी ने स्नॉर्कलिंग करते दिखे। उन्होंने पोस्ट कर कहा, %मैंने स्नॉर्कलिंग का प्रयास किया। यह बहुत ही आनंदमय अनुभव था।%लक्षद्वीप की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद उठाते हुए पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने प्राचीन समुद्रतटों के साथ सुबह की सैर का भी लुत्फ उठाया।पीएम मोदी ने लक्षद्वीप की सुंदरता का उल्लेख करते हुए कहा, %प्राकृतिक सुंदरता के अलावा लक्षद्वीप की शांति भी मंत्रमुग्ध कर देने वाली थी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि लक्षद्वीप की प्राकृतिक सुंदरता ने उनके अंदर ऊर्जा भर दी है। अब वह 140 करोड़ भारतवासियों के कल्याण के लिए और भी अधिक मेहनत करेंगे।अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने वहां मौजूद लोगों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।

## सीएम योगी ने स्कूलों के आधुनिकीकरण के लिए 404 करोड़ दिए, बोले- प्रदेश का बीता कुछ समय अंधकार युग था




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के स्कूलों के आधुनिकीकरण के लिए पीएमश्री योजना के अंतर्गत 404 करोड़ रुपये आवंटित किए। इस दौरान उन्होंने पिछली सरकारों में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की हालत पर टिप्पणी की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार कि जिस समय पूरी दुनिया कोरोना से ग्रस्त थी उस समय देश की 140 करोड़ की आबादी को बचाने के साथ ही नई शिक्षा नीति की आधार शिला रखी और नए विजन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। पीएमश्री स्कूल योजना इसी दिशा में एक कदम है। कई बार योजना की घोषणा के बाद काम में समय लगता है लेकिन यहां शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पूरी टीम के साथ आए हैं। प्रदेश के पांच करोड़ बच्चों के लिए नई योजना शुरू होगी। इस योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश के 928 विद्यालय चयनित किए गए हैं। इसके तहत 1 से 12वीं क्लास तक अपग्रेड करेंगे।मुख्यमंत्री योगी बृहस्पतिवार को लखनऊ के लोकभवन में 404 करोड़ रुपये की धनराशि से पीएम श्री स्कूलों के आधुनिकीकरण का शुभारंभ एवं %प्रोजेक्ट अलंकार% के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण हेतु 347 करोड़ रुपये की धनराशि का अंतरण तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत समूह %ख% के नवचयनित अधिकारियों को नियुक्ति पत्र का वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि यह हमेशा ही सवाल रहा है कि गरीब का बच्चा जहां पढ़ता है वहां सुविधा, शिक्षक और कनेक्टिविटी नहीं है। पहले विद्यालय बंद होने के कगार पर थे। हर कोई चाहता है कि उसका बच्चा पढ़ लिख ले। आज यूपी में बेसिक के 96 प्रतिशत विद्यालयों को ऑपरेशन कायाकल्प में अपग्रेड किया गया है। क्लास, शौचालय, लैब और स्मार्ट क्लास बनवाई गई है। इनमें सभी वर्ग छात्र, अधिकारी और नेता सभी शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने ड्रॉपआउट रोकने के लिए भी प्रयास किया। स्कूल चलो अभियान शुरू किया। इससे हर शिक्षक, अधिकारी और जन प्रतिनिधि जुड़े। हमने लोगों को आधार से जोड़ने का काम किया। स्कूलों में 40 लाख बच्चे बढ़े हैं। हमने तय किया और स्कूलों में 1.25 लाख शिक्षक भर्ती की। ऑपरेशन कायाकल्प चलाया। बच्चों को बैग, किताब, स्वेटर और जूते दिए। इसके लिए अप्रैल में डीबीटी की जाती है। पीएम श्री स्कूल आज की जरूरत है। यह अभिनव प्रयोग है।


अटल आवासीय विद्यालय का एक प्रयोग किया गया है। शिक्षा मंत्री बोले, दुनिया राममय है केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कारण प्रभु श्रीराम के दिव्य भव्य मंदिर के लोकार्पण की घड़ी आ गई है। पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। यूपी इसका केंद्र बिंदु है। दुनिया राममय है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की उपस्थिति में हाल में मुख्य सचिव की बैठक हुई थी। प्रोजेक्ट कायाकल्प की भी इस बैठक में चर्चा हुई थी। मैं मुख्यमंत्री योगी को नई शिक्षा नीति और ऑपरेशन कायाकल्प हूबहू लागू करने के लिए बधाई देता हूं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश में 26 करोड़ बच्चे पढ़ते हैं। इसमें से लगभग 18 प्रतिशत मतलब 4 करोड़ यूपी के हैं। बिना यूपी के विकसित भारत की संकल्पना संभव नहीं है। 2016 में पीएम उज्ज्वला योजना का पायलट बलिया में किया था। 30 पीएम 10 करोड़ लाभार्थी मीरा की पीएम ने चाय पी है। पौने 2 करोड़ लाभार्थी यूपी के हैं। उन्होंने कहा कि 2047 से पहले भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया गया है। यूपी उससे पहले विकसित बनेगा। प्रदेश में बिना कोचिंग के 54 बच्चे आईआईटी, एनआईटी आदि में प्रवेश ले रहे हैं। यही नई शिक्षा नीति की सफलता है।

## राजभर ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात, लोकसभा चुनाव की तैयारियों सहित कई मुद्दों पर चर्चा की



सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने बृहस्पतिवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव की तैयारियों सहित कई मुद्दों पर चर्चा की।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने बृहस्पतिवार को दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश और बिहार की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति, लोकसभा चुनाव की तैयारियों सहित भर व राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किये जाने के लिए प्रस्ताव पर यथा शीघ्र उत्तर प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मंगाने पर चर्चा की।उन्होंने बंजारा जाति की सामाजिक समस्याओं व गोंड और खरवार जाति के जातिप्रमाण पत्र प्रदेश के समस्त जनपदों में सरकार द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी कराने पर चर्चा हुई राजभर ने बताया कि इस दौरान वंचित शोषित वर्गों के हितों से जुड़े अहम विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

## यौन इच्छा पर नियंत्रण रखना चाहिए, हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची बंगाल सरकार



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दोनों याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट बेंच ने रजिस्ट्री विभाग को निर्देश दिया कि स्वतः संज्ञान वाली याचिका और राज्य सरकार की याचिका को 12 जनवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दें।पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में बताया कि उन्होंने भी कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें हाईकोर्ट ने लड़कियों से उनकी यौन इच्छा पर नियंत्रण रखने की सलाह दी थी। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की और बीती 8 दिसंबर को हाईकोर्ट के इस फैसले की आलोचना की थी। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने फिर इस मामले पर सुनवाई की। फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची बंगाल सरकार- गुरुवार की सुनवाई में पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ वकील हुजैफा अहमदी भी सरकार की तरफ से कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने पीठ को बताया कि राज्य सरकार ने भी बीती 18 अक्तूबर को दिए हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की हुई है। अहमदी ने बताया कि उनकी याचिका पर गुरुवार को एक अन्य पीठ सुनवाई करने वाली थी लेकिन पीठ नहीं बैठी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दोनों याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट बेंच ने रजिस्ट्री विभाग को निर्देश दिया कि स्वतः संज्ञान वाली याचिका और राज्य सरकार की याचिका को 12 जनवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दें, लेकिन इसके लिए पहले मुख्य न्यायाधीश से मंजूरी ले लें। कलकत्ता हाईकोर्ट की टिप्पणी पर हुआ था विवाद- उल्लेखनीय है कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सलाह दी थी कि %लड़कियों को अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए और दो मिनट के सुख के फेर में नहीं पड़ना चाहिए। साथ ही हाईकोर्ट ने लड़कों को भी लड़कियों की इज्जत करने की सलाह दी थी और कहा कि लड़कों को इसके लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।% सुप्रीम कोर्ट ने की थी आलोचना- इस फैसले की आलोचना करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बीती 8 दिसंबर को कहा कि जजों से उम्मीद की जाती है कि वह अपने निजी विचारों को साझा ना करें या भाषण ना दें। यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत किशोरों के अधिकारों का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से हाईकोर्ट के फैसले पर राज्य सरकार से जवाब मांगा था। जिस पर अब राज्य सरकार ने बताया कि उन्होंने भी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की हुई है।

## मैं जितेंद्र आव्हाड को मार डालूंगा... भगवान श्रीराम पर दिए अपमानजनक बयान पर भड़के परमहंस आचार्य







एनसीपी नेता डॉ. जितेंद्र आव्हाड द्वारा भगवान राम पर दिए बयान के बाद विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। अयोध्या के परमहंस आचार्य भड़क गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बयान अपमानजनक है। उन्होंने जितेंद्र पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो मैं जितेंद्र आव्हाड को मार डालूंगा। कर्नाटक के बाद महाराष्ट्र में भगवान राम के नाम पर राजनीतिक विवाद हो रहा है। शरद पवार वाली एनसीपी के नेता डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने भगवान राम को मांसाहारी बताया, इस पर भाजपा नेता राम कदम ने उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने भी बयान की निंदा की है। अयोध्या के परमहंस आचार्य ने भी चेतावनी दी है। शरद पवार गुट के नेता जितेंद्र आव्हाड के बयान पर राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि NCP के नेता जो बोल रहे हैं वो बिल्कुल गलत है। किसी भी शास्त्र में ऐसा नहीं लिखा है कि भगवान जब वनवास के लिए गए थे तो उन्होंने मांस खाया था। सभी जगह लिखा है कि उन्होंने कंद-मूल फल खाए, शास्त्र ही प्रमाण हैं। ये विचार निंदनीय हैं। एनसीपी शरद पवार गुट के नेता जीतेंद्र आव्हाड के बयान पर अयोध्या के परमहंस आचार्य का कहना है कि जितेंद्र आव्हाड द्वारा दिया गया बयान अपमानजनक है। भगवान राम भक्तों की भावना को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि मैं महाराष्ट्र और केंद्र सरकार से आग्रह करूंगा कि वे इस पर कार्रवाई करें। भगवान राम के बारे में गलत बोलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अगर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो मैं जितेंद्र आव्हाड को मार डालूंगा। मैं चेतावनी दे रहा हूं।यह है मामला- महाराष्ट्र के शिरडी में बुधवार को एक कार्यक्रम में आव्हाड ने कहा था कि भगवान राम शाकाहारी नहीं थे, वह मांसाहारी थे। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति 14 साल तक जंगल में रहेगा वो शाकाहारी भोजन खोजने कहां जाएगा? उन्होंने जनता से सवाल करते हुए कहा कि क्या यह सही बात है या नहीं? उन्होंने आगे कहा था, कोई कुछ भी कहे, सच्चाई यह है कि हमें आजादी गांधी और नेहरू की वजह से ही मिली। यह तथ्य कि इतने बड़े स्वतंत्रता आंदोलन के नेता गांधी जी ओबीसी थे, उन्हें ( आरएसएस को ) स्वीकार्य नहीं है। गांधीजी की हत्या के पीछे का असली कारण जातिवाद था।

संपादकीय Editorial

# Japan despite the waters

The new year has not been a happy one for Japan, but rather a tragic one. On the first of January itself, such a deluge occurred which shook Japan. The most intense earthquake was 7.6. After that, 155 more tremors were felt continuously, but their intensity remained between 4-5. About 55 Japanese died as a result of the earthquakes. According to what has been revealed informally, thousands of houses have been damaged. Thousands of houses have also collapsed. Hundreds of people are feared trapped, so the number of dead and injured may increase. Last year, an earthquake measuring 7.8 on the Richter scale hit Turkey, killing more than 52,000 people and leaving countless buildings in ruins. The flood of 1923 in Japan is also being remembered, whose intensity was almost the same as the current earthquake, but about 1,40,000 people were killed. The number of deaths or damage caused now is very less compared to the past experience and the floods in Turkey. This is being attributed to Japan's disaster management and earthquake-resistant building laws. Japan is a country situated on water bodies, which experiences an average of 5 earthquakes every day. More or less 20 percent of earthquakes in Japan are of greater than magnitude 6. Despite the troubles, Japan is the third largest economy in the world. On January 2, two planes collided at Tokyo Airport in Japan and the planes burst into flames. One plane belonged to the Coast Guard Department, which was carrying relief material for the earthquake affected. Five of the six people on board died, while the pilot was saved, but the other plane, which was landing, had 379 passengers on board. What a huge humanitarian crisis was at hand! Despite such a terrible incident, all the passengers were rescued safely.

This is the wonder of Japan's disaster management...! There is not a single case of plane crash in the world in which not a single passenger was injured! The nuclear power plant established on the coast of the Sea of Japan also remained safe. Actually everyone should learn lessons from Japan. There are mainly three categories of earthquake resistant buildings. Rubber pads and platforms are made in the foundations of buildings in such a way that buildings can sway in any severe earthquake, but the rate of their collapse is very low. Japanese citizens also fully follow building laws. They think that by building the building as per the rules, they, their family members and friends can remain safe.

There is a lot of negligence and corruption in the construction of multi-storey buildings in India. India has faced such earthquakes and cataclysms in which our constructions have been left with mud and debris. In the last rains, houses in the hilly areas fell apart like a deck of cards, which is a clear example of negligence and corruption. Even now everything is going on as per Ram's trust.

Very few earthquakes of magnitude around 8 have occurred in India. Still, some tragic cases of Kutch in Gujarat and Uttarakhand etc. come to mind. Who can forget the devastating waters of neighboring Nepal? It has been Japan's destiny to face floods and destruction. Tsunami waves had arisen this time too, but the crisis was averted. However, in the Noto area of Japan, the land has shifted 1.3 meters towards the west. Wide cracks have appeared on many highways and roads. The railway station was shaking so much that people considered it 'unsafe'. Despite the difficulties, Japan's technical and technological development is incomparable.

# Jharkhand Political Diary: So is the CM's chair cursed in Jharkhand?

Till now, there have been six faces of the Chief Minister in the state - starting from Shibu Soren, even leaders like Arjun Munda and Babulal Marandi could not sit on the chair for five years. Only Raghuvar Das somehow completed his tenure for five years - now the looming over Hemant Soren. There is danger, one year left to complete the tenure, the sword of arrest is hanging, President's rule has been imposed thrice in the state, Hemant Soren could not complete the tenure even in 2013-14, got the status of a separate state after being cut off from Bihar in the year 2000 Politics in Jharkhand seems to be forced to take a turn once again. This small state has been accustomed to seeing this kind of helplessness since its infancy. In this state, the poison of compulsion has always been dominant with the chair of the Chief Minister. The effect of the poison was such that no Chief Minister could complete his tenure. When Raghuvardas completed his five-year tenure as Chief Minister from 2014 to 2019, it seemed that the shadow of bad omen had been removed from this chair. But once again the political winds are pointing towards this bad omen that the chair of the Chief Minister of Jharkhand is truly cursed. The shadow of bad omen has dominated the office of the Chief Minister to such an extent that Shibu Soren and Arjun Munda, considered big leaders of Jharkhand, could never complete their five-year term despite becoming the Chief Minister thrice each. As Chief Minister, Hemant Soren is taking charge of Jharkhand for the second time, but the curse is such that like the first time, this time also his chances of completing his tenure seem less. Chief Minister Hemant Soren has received summons from ED seven times. Hemant has appealed from High Court to Supreme Court. After facing disappointment from everywhere, now Hemant himself is seen on the back foot in view of possible strict action by ED. Soon he will appear before the ED. There is a strong fear that he may be arrested sooner or later. In such a situation, Hemant Soren has decided to give the post of Chief Minister to his wife Kalpana Soren. The plot is also ready. Only the seal is left on it. A meeting of the legislature party has been called on Wednesday, January 3. Earlier, on the last day of the year 2023, senior party leader Dr. Sarfaraz Ahmed has submitted his resignation to the Assembly Speaker in 'party interest'. His resignation has also been accepted. He was the MLA from Gandeya seat of Giridih district. There are speculations that the party will field Kalpana Soren in the by-election from the same seat. However, there are clouds of crisis over the possibility of elections as less than a year's tenure is left. In such a situation, the coming 24 hours are going to be very turbulent for Jharkhand. It remains to be seen whether the chair of the Chief Minister of Jharkhand will be freed from its curse. Or once again the current Chief Minister will resign without completing his tenure.

## ULFA-Government Peace Agreement: New hope again in Assam, success depends on implementation of existing provisions

The government has described the agreement with ULFA in Assam as historic. However, the success of the agreement depends on how its existing provisions are implemented. On December 29, a tripartite peace agreement was signed between the Centre, the Assam government and the pro-talk faction of the United Liberation Front (ULFA). Went. Union Home Minister Amit Shah and Assam Chief Minister Himanta Viswa Sharma described the agreement as 'historic' and said it would end decades of violence in the state and usher in a new era of development and prosperity. ULFA was formed in 1979 declaring armed struggle against the nation of India with the demand for a sovereign Assam. Since then, this armed conflict has left over ten thousand people dead, many left disabled for life and many more facing other forms of atrocities. Therefore, the people of Assam have been wanting a political solution to the problem for a long time. One such initiative took place in 2005, when a group called the People's Consultative Group (PCG) was formed by the ULFA leadership, comprising Assamese civil society led by Jnanpith awardee Dr. Indira Goswami, to consult with the central government. Members were included. The group held several rounds of discussions with the central government. But in 2009, events took a different turn after top leaders of the organization including ULFA chief Arabinda Rajkhowa were arrested in Bangladesh and brought to Assam. Many important leaders of the organization were either killed by the security forces or surrendered. The arrested leadership decided in 2011 not to hire the PCG as an intermediary and to negotiate directly with the central government. While Myanmar-based ULFA Commander in Chief and fundamentalist Paresh Baruah termed it 'unconstitutional'. However, meanwhile the ULFA leadership, which is said to be a pro-talk group, has asked the civil society of Assam to guide them in resolving the problem. After that, in May 2011, under the leadership of prominent intellectual Hiren Gohain, civil society held a conference in Guwahati and handed over a charter of demands to be raised before the central government to the ULFA leadership. The charter of demands seeks to empower Assam (its people) to secure its future through revenue generated in the state, natural resources, strengthening the power of the state to control the planning process and ensuring a secure demographic situation as well as accelerated and balanced development. Although Paresh Baruah did not dismiss the importance of discussions with the central government, he remained adamant that the discussions should be based on the basic demands of the organization - political sovereignty and economic autonomy. But it should be. The recent treaty has been signed after several rounds of discussions. The agreement undoubtedly promises to provide security to indigenous communities by protecting their interests, but how this will be done is not very clear. Most of the remaining provisions appear to be in place, such as re-examination of the voter registration process to remove names of illegal foreigners from the voter list, re-examination of the National Register of Citizens (which is pending before the Supreme Court), digitization of land data. , Strong monitoring of the international border to prevent illegal infiltration, giving land to landless indigenous people etc. is nothing new. Some of these and the establishment of new railway lines and national highways in the state have been mentioned in the agreement, which is an extension of the work already being done by the government. Paresh Barua has called this tripartite agreement 'shameful' and a betrayal of the people of the state. He said he was not against discussion but could not sit at the negotiating table unless the issue of Assam's autonomy was discussed. The reaction of the people of the state is also very cold. Media and opposition parties are also criticizing it. Some people in the pro-talk faction of ULFA said that they were unaware of the terms of the agreement and are not happy. In fact the agreement is being criticized because it is limited to some economic packages which weaken the political issues of ULFA. The pro-talk faction has also admitted that despite their best efforts they could not achieve anything more than an agreement. Under the current circumstances they were not in a position to bargain much. The limited success of the agreement therefore depends on how its existing provisions are implemented. Everyone knows that Paresh Baruah remains the main strength of ULFA. He runs operations from Myanmar and recently there was news in the media that a new trend has started among the youth of Assam to go to Myanmar to support him. Everyone, including the pro-talk group, knows that the ULFA problem will be resolved only when Paresh Baruah joins the discussion. Chief Minister Himanta Viswa Sharma has also indicated this many times. The role of the Chief Minister behind the latest agreement is clearly visible. This agreement gave an opportunity to eliminate the relevance of Paresh Baruah. Why this was not done is not clear. Therefore, critics have called this agreement an agreement made keeping the Lok Sabha elections in mind. But looking at the public reaction, it does not seem that this will bring any benefit to the ruling party. Before the signing of the agreement, there were new attacks by ULFA on security forces in Upper Assam. Some ULFA cadres were killed and some arrested. It is difficult to say whether this is a display of the strength of Paresh Baruah's rebel group named ULFA (Independent) or the result of the government's active role in keeping it under control. The nature of the present agreement and the statements of the ULFA leadership and the Chief Minister after signing the agreement suggest that there is still a lot in store for the future. The recent treaty has been signed after several rounds of discussions. The agreement undoubtedly promises to provide security to indigenous communities by protecting their interests, but how this will be done is not very clear. Most of the remaining provisions appear to be in place, such as re-examination of the voter registration process to remove names of illegal foreigners from the voter list, re-examination of the National Register of Citizens (which is pending before the Supreme Court), digitization of land data. , Strong monitoring of the international border to prevent illegal infiltration, giving land to landless indigenous people etc. is nothing new. Some of these and the establishment of new railway lines and national highways in the state have been mentioned in the agreement, which is an extension of the work already being done by the government. Paresh Barua has called this tripartite agreement 'shameful' and a betrayal of the people of the state. He said he was not against discussion but could not sit at the negotiating table unless the issue of Assam's autonomy was discussed. The reaction of the people of the state is also very cold. Media and opposition parties are also criticizing it. Some people in the pro-talk faction of ULFA said that they were unaware of the terms of the agreement and are not happy. In fact the agreement is being criticized because it is limited to some economic packages which weaken the political issues of ULFA. The pro-talk faction has also admitted that despite their best efforts they could not achieve anything more than an agreement. Under the current circumstances they were not in a position to bargain much. The limited success of the agreement therefore depends on how its existing provisions are implemented. Everyone knows that Paresh Baruah remains the main strength of ULFA. He runs operations from Myanmar and recently there was news in the media that a new trend has started among the youth of Assam to go to Myanmar to support him. Everyone, including the pro-talk group, knows that the ULFA problem will be resolved only when Paresh Baruah joins the discussion. Chief Minister Himanta Viswa Sharma has also indicated this many times. The role of the Chief Minister behind the latest agreement is clearly visible. This agreement gave an opportunity to eliminate the relevance of Paresh Baruah. Why this was not done is not clear. Therefore.

# पद्मश्री दिलशाद हुसैन को सहारा अमन कमेटी ने किया सम्मानित



मुरादाबाद- सहारा अमन कमेटी की ओर से पीरजादा स्थित एक मैरिज हाल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें पद्मश्री दिलशाद हुसैन को महानगर का गौरव बताते हुए कमेटी ने पदाधिकारियों ने शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्हें राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री सम्मान मिलने को महानगर के लिए गौरव बताया। आयोजन की अध्यक्षता राजेन्द्र टण्डन ने की। इसमें राजनीतिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

सभी ने देश मे अमन चैन बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। संस्थापक सूफी वसीम अहमद कादरी ने अमन कमेटी के उद्देश्यों पर प्रकाश डालकर कई नए पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी बांटे। कार्यक्रम का संचालन आज़म अंसारी व एम ताहिर ने किया। इस दौरान कांग्रेस प्रवक्ता सुधीर पाठक, सपा नेता सलाउद्दीन मंसूरी, भाजपा नेता मनीष पण्डित, साजिद अंसारी, यूसुफ अंसारी, जाकिर पहलवान, दूल्हा जान,सलीम, नज़ाकत, नोमान, राशिद आदि मौजूद रहे।

# रिश्वतखोर दरोगा अनोखेलाल के पास मिली 31.90 लाख की अवैध संपत्ति, एफआईआर दर्ज



मुरादाबाद-संभल जिले के थाना गुन्नौर क्षेत्र की पुलिस चौकी जुनावई में तनाती के दौरान दरोगा अनोखेलाल गंगवार ने जमकर अवैध कमाई की थी। इस बात का खुलासा मुरादाबाद यूनिट की भ्रष्टाचार निवारण संगठन के अधिकारियों ने जांच में किया है। जांच में अधिकारियों ने उनके पास 31.90 लाख रुपए की अवैध संपत्ति पाई है। जिस पर अधिकारियों ने उनके विरुद्ध एक और मामला अवैध संपत्ति होने का दर्ज कराया है। यह दरोगा वर्तमान में बिजनौर जिले के थाना नगीना में तैनात है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के अधिकारियों का कहना है कि उनके विरुद्ध अवैध संपत्ति की वसूली की कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तरीके से की जाएगी। इस कार्रवाई के लिए न्यायालय में अनुमति लेने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

25,000 रिश्वत लेते दबोचे गए थे दरोगा जी संभल जिले में तनाती के दौरान वर्ष 2020 में एंटी करप्शन मुरादाबाद की टीम ने शिकायत पर जुनावई पुलिस चौकी इंचार्ज अनोखेलाल गंगवार को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। दरोगा अनोखे लाल गंगवार ने जमीनी विवाद में हुई एनसीआर में दर्ज शिकायतकर्ता को कार्रवाई से बचाने के लिए उससे रिश्वत ली थी। बताया जा रहा है कि थाना गुन्नौर क्षेत्र के गांव धनीपुर निवासी राम रहीश सिंह ने एंटी भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद इकाई में की शिकायत में बताया कि उसके भाई का दूसरे पक्ष के लोगों से जमीन को लेकर विवाद हो गया था। अप्रैल 2020 में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थाना गुन्नौर में एनसीआर दर्ज कराई थी। इस मामले की जांच जुनावई चौकी इंचार्ज अनोखे लाल गंगवार कर रहे थे। अनोखेलाल गंगवार ने उस एनसीआर में दूसरे पक्ष के खिलाफ कार्रवाई और शिकायतकर्ता के खिलाफ दर्ज एनसीआर में गिरफ्तारी से बचाने के एवज में 25 हजार रुपये मांग रहा था।इसे एंटी करप्शन के टीम प्रभारी उदल सिंह ने गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई बाद संभल जिले के तत्कालीन एसपी यमुना प्रसाद ने दरोगा अनोखेलाल गंगवार को निलंबित कर दिया था।

# राणा शुगर मिल कर्मी की अचानक मौत, तीन भाइयों में बड़ा था भूपेंद्र



मुरादाबाद- राणा शुगर मिल बेलवाड़ा के टोकन इंचार्ज की गुरुवार सुबह अचानक असमय मौत हो गई। वह अभी 29 वर्ष के थे। भूपेंद्र सिंह की असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

मां नन्हीं देवी रोते-रोते बदहवास हो जा रही है। पिता यशपाल सिंह के भी आंसू नहीं थम रहे हैं। बेटे के जाने के गम में जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर माता-पिता अपना सीना पीट रहे थे। दोनों छोटे भाई भी बिलख-बिलख कर रो रहे थे। विनय अपनी मां को ढांढस बंधा रहा था लेकिन, मां की चीख शांत नहीं हो रही थी। मृतक भूपेंद्र सिंह अभी अविवाहित था। इसके छोटे भाई विनय ने बताया कि वह तीन था। इससे सबसे छोटा अमन है। पिता यशपाल के पास केवल डेढ़-दो बीघे खेती है। मजदूरी से ही घर-परिवार का खर्च चलता था लेकिन, जब से भाई भूपेंद्र की राणा शुगर मिल में नौकरी लग गई थी तब से परिवार को खर्चे को लेकर थोड़ी राहत हो गई थी। भूपेंद्र व उनका परिवार ठाकुरद्वारा क्षेत्र के बड़ापुर गांव के रहने वाले थे।

विनय ने बताया कि उनके तीन भाइयों से बड़ी चार बहनें हैं। इनमें सबसे बड़ी सुनीता है, यह सभी बहनें विवाहित हैं। उन्होंने बताया कि भाई भपेंद्र शुगर मिल के आवास में ही रहते थे। उन्होंने बताया कि उनकी मौत का कारण हार्ट हटैक होना बताया जा रहा है। यह घटना उनके साथ गुरुवार सुबह करीब सात बजे के दौरान आवास के रूम में ही हुई थी। जानकारी होने पर साथी कर्मचारी उन्हें इलाज के लिए वहीं प्राइवेट अस्पताल में लेकर गए थे, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने रेफर कर दिया था। फिर उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया था। विनय ने बताया कि उन्होंने भाई के शव को पोस्टमार्टम नहीं कराया है। शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव लिए जा रहे हैं।

# सांसद बर्क बोले: सीएए लागू होने के बाद हालात और बिगड़ेंगे, देश चलाने के लिए नफरत नहीं...मोहब्बत की जरूरत



मुरादाबाद। सीएए लागू होने की सुगबुगाहट के बीच संभल से सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने कहा कि इससे देश को कोई फायदा नहीं होने वाला। कहा कि नफरत की आग को जितना फैलाएंगे उतना ही ज्यादा नुकसान होगा। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू करने की सुगबुगाहट के बीच संभल लोकसभा सीट से सपा के सांसद डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क ने बयान दिया है। सपा सांसद ने कहा कि सीएए से फायदा नहीं, बल्कि देश के हालात और बिगड़ेंगे। कहा कि देश चलाने के लिए नफरत नहीं, मोहब्बत की जरूरत है।सीएए लागू होने के बाद भारत में शरण लिए 32 हजार अफगानी व पाकिस्तानी हिंदू, सिख शरणार्थियों को लाभ मिलने के सवाल पर सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने कहा कि इसका फायदा पहुंचने के बजाय हालात खराब होंगे। लोगों में मोहब्बत की फिजा पैदा नहीं होगी। देश में आज तक यदि मोहब्बत से काम लिया होता तो लोगों के अंदर मोहब्बत होती। हमारे मुल्क का फायदा होता और हम आगे बढ़ते। शायराना अंदाज में सांसद डॉ. बर्क बोले कि मोहब्बत के लिए इंसान को यह रिश्ता ही क्या कम है, कि वो काला है या गोरा लेकिन औलाद-ए-आजम है। बोले कि नफरत की आग को जितना फैलाएंगे

उतना ही ज्यादा नुकसान होगा। सांसद ने गुजारिश करते हुए कहा कि नफरत को खत्म करते एक दूसरे को मोहब्बत का पैगाम दें। इसी से मुल्क का फायदा होगा और सभी का भला भी। लोकसभा चुनाव में सीएए का असर पड़ेगा या नहीं, इस सवाल पर सांसद ने कहा कि सीएए का कोई असर चुनाव पर नहीं पड़ेगा। सियासत की असल रूह जो है, वह इसके खिलाफ होगी। वोट देने के लिए हर इंसान आजाद है। मुल्क को देखते हुए सही वोट का इस्तेमाल करना चाहिए।

# एसीएमओ डॉक्टर नरेंद्र चौधरी चार्ज संभालते ही एक्शन के मोड में



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद। -एसीएमओ डॉक्टर नरेंद्र चौधरी चार्ज संभालते ही एक्शन के मोड में हैं। वह झोला छापों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। मंगलवार को कुंदरकी पहुंचकर उन्होंने लाइफ केयर क्लिनिक को सील कर दिया। मामले की जानकारी देते हुए डॉक्टर नरेंद्र चौधरी ने बताया लंबे समय से अवैध रूप से संचालित क्लीनिक की शिकायत मिल रही थी जिसका संज्ञान लेते हुए छापेमारी की गई है फिलहाल क्लिनिक को सील कर दिया गया है। उधर क्लीनिक पर हुई छापेमारी से अवैध रूप से संचालित सभी झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया और लोग अपने-अपने शटर बंद कर भागते हुए दिखाई दिए।

# तंजीम फातिमा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामपुर जेल से मुरादाबाद जिला जज की पहुंची




क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद। – आजम खान और उनके परिवार की मुसीबतें कम होने का नाम नही ले रहीं है, आजम खान की पत्नी तंजीम फातिमा आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामपुर जेल से मुरादाबाद जिला जज की पहुंची और अपने बयान दर्ज कराए , 2008 के छजलैट प्रकरण में आजम खान के साथ उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को हुई सजा के खिलाफ आजम एंड परिवार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया था जिसमे अब्दुल्ला आजम को जुवेनाइल घोषित करने को प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसमे अब्दुल्ला आजम की जन्मतिथी प्रकरण के समय कम बताई जा रही थी , इसपर सुप्रीम कोर्ट द्वारा मुरादाबाद जिला जज को निर्देशित किया गया की वह अब्दुल्ला आजम की सही जन्मतिथि निर्धारित कर माननीय सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराए जिसके बाद आज मुरादाबाद जिला जज की अदालत में अब्दुल्ला आजम की जन्मतिथि की जांच के संबंध में अब्दुल्ला आजम की माता तंजीम फातिमा को तलब किया गया , पेशी के दौरान तंजीम फातिमा की तरफ से अब्दुल्ला आजम की सही जन्मतिथि 30.09.1990 बताई गई साथ ही अब्दुल्ला आजम का जन्म लखनऊ में होना बताया गया , जिसके बाद कोर्ट ने आगे की कार्यवाही के लिए तंजीम फातिमा के बयान दर्ज कर मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 जनवरी 2024 की तिथि नियत की, इस पूरे मामले में मुरादाबाद जिला जज की अदालत को अब्दुल्ला आजम की सही जन्मतिथि निर्धारित कर सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराना है।

# नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के कार्यकर्ताओं ने डीआरएम कार्यालय में किया हंगामा...




मुरादाबाद-रेलवे के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी के खिलाफ नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के कार्यकर्ताओं ने आंदोलन शुरू कर दिया है। कर्मचारियों के मांगो के निस्तारण में विलंब को लेकर संगठन ने शुरू कर दिया है।

डीआरएम कार्यालय स्थित कार्यालय के बाहर रेल कर्मचारी नारेबाजी कर रहे हैं। संगठन के मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, सहायक मंडल मंत्री सुहेल खालिद, आईवन एडिशन, मंजू बिष्ट, खेमपाल सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता हाय-हाय किनारे लग रहे हैं। इसके बाद कर्मचारी नारेबाजी करते हुए सीनियर डी कार्यालय के तरफ पहुंच गए।

# भोजपुर की महिला डॉक्टर गैरहाजिर मिली, डीएम ने तुरंत कर दिया निलंबित, अस्पताल का औचक निरीक्षण किया



मुरादाबाद-मुरादाबाद के चिकित्सालयों और दफ्तरों का जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस बीच भोजपुर सीएचसी की डॉक्टर के गायब रहने की जानकारी डीएम को मिली। इसके बाद उन्होंने चिकित्सक को तुरंत निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए। मुरादाबाद के डीएम मानवेंद्र सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर का औचक निरीक्षण किया। इस बीच पता चला कि यहां महिला डॉक्टर उपासना सिंह सात माह से गैरहाजिर चल रही हैं। इसके बाद उन्होंने महिला डॉक्टर को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। भोजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमओआईसी डॉ. मो. असलम सहित अस्पताल के कर्मचारी मौजूद रहे। डीएम ने यहां मरीजों का हालचाल जाना और उनको मिलने वाली दवाइयां के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को नियमित रूप से भोजन उपलब्ध नहीं कराए जाने और भोजन की व्यवस्था के लिए एक बुजुर्ग महिला को जिम्मेदारी सौंपे जाने पर नाराजगी जताई।

नगर पंचायत शौचालय में ताला बंद मिला

डीएम ने नगर पंचायत भोजपुर में बने सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण किया। यहां मुख्य गेट का ताला खुला था लेकिन अंदर शौचालय में ताला बंद पाया गया। शौचालय में दरवाजे के पास टाइल्स टूटी हुई पाई गई। डीएम ने सभी कर्मचारियों की पत्रावलियां को देखने के बाद उनको अच्छे ढंग से रखने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि पूरी नगर पंचायत में 43 सफाई कर्मचारी आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखे गए हैं। डीएम ने सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की पीएफ कटौती करने की सलाह दी। बताया कि कटौती का मैसेज प्रत्येक कर्मी के खाते का उपलब्ध होना चाहिए। नगर पंचायत में कूड़ा ढोने वाले वाहन, स्काई लिफ्ट, जेसीबी मशीन आदि का निरीक्षण किया। स्टोर रूम में रखें काफी संख्या में कूडा उठाने वाले ठेले भी बेकार पड़े थे। डीएम ने ठेलों की नीलामी की कार्रवाई करने करने के निर्देश दिए।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश , उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## नागरिक सुरक्षा पोस्ट 4 की बैठक हुई सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी में उप नियंत्रक शिवराज सिंह के आदेशानुसार प्रत्येक माह पोस्टो की नियमित बैठक किए जाने के क्रम में आज दिनाँक 04 जनवरी 2024 को नागरिक सुरक्षा कोर झाँसी की नगरा प्रभाग की पोस्ट संख्या-04 की मासिक बैठक पोस्ट वार्डन मो0फैजान की अध्यक्षता में सेक्टर वार्डन नीरज कुमार के निवास पर सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में प्रभारी सहायक उप नियंत्रक सुमित गौड़ एवं डिवीजनल वार्डन भूपेन्द पाल खत्री, घटना नियंत्रण अधिकारी कु प्रगति शर्मा भी उपस्थित हुए। उक्त बैठक में पोस्ट में रिक्त चल रहे सेक्टर वार्डनो के पदों पर शीघ्र अति शीघ्र भर्ती कराई जाने के लिए आदेशित किया गया। आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पोस्ट में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने क्षेत्र मे विशेष सतर्कता बरतने, पोस्ट के अन्तर्गत आने वाले स्कूलो व कालेजो में प्रशिक्षण आयोजित कराये जाने व प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने, फायर फाइटरो व प्राथमिक चिकित्सको की भर्ती करने, परिवार पंजिकाओ को अद्यावधिक किए जाने तथा पोस्ट की मासिक बैठक नियमित रूप से प्रत्येक माह कराये जाने के निर्देशित दिए गये।

जिसमें डिप्टी पोस्ट वार्डन सिंदर पाल, सेक्टर वार्डन अखिल कुमार पाण्डेय, देवेन्द्र कुमार भाटिया, फायर फायटर, अंकित अहिरवार, अरुण अहिरवार आज की वैठक में मौजूद रहे ।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा मे कृषक हितैषी योजना मेप्रशिक्षण एवं खडी फसलो मे ड्रोन के द्वारा नैनो यूरिया छिड़काव प्रदर्शन

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो मेशिविर का सफल आयोजन किया जा रहा है, कृषि क्षेत्र मे नई तकनीकी के माध्यम से खेती के पद्धति मे बदलाव लाने के उद्देश्य से कृषि उत्पादन तकनीकियों को कृषकों को प्रशिक्षण सहप्रदर्शन किया जा रहा है।

कृषक श्रीमती सुखमेन आत्मज मोहरन राम ग्राम वीरपुर विकास खण्ड सूरजपुर के खेत मे आलू फसल में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव का प्रदर्शन किया गया, जिससे कृषको में भारी उत्साह एवं आकर्षण रहा है। ड्रोन के माध्यम से कम समय मे अधिक क्षेत्र मे खाद, दवा का छिडकाव समान रूप से होता है। किसानों को ग्रामीण क्षेत्रों मे ड्रोन पद्धति को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे किसान उत्साहित हो रहें। शासन द्वारा संचालित आधुनिक कृषि क्षेत्र के साथ-साथ अन्य कृषक हितैषी योजनाओं अंतर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, तथा स्वायल हेल्थ कार्ड योजना अंतर्गत कृषकों का मृदा परीक्षण करवाकर भूमि सुधार की जानकारी देते हुए कृषक श्री सहदेव आत्मज सुखलाल राजवाडे, श्री कवलसाय आत्मज परमेश्वर राजवाडे कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण भी किया गया साथ ही पारम्परिक खेती आधुनिक तकनीक यांत्रिकीकरण के साथ-साथ जैविक खेती फसल उत्पादन को बढ़ावा देने कृषकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्री महेष्वर पैकरा जिला पंचायत सदस्य विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरंपच, जनप्रतिनिधिगण तथा हजारो की संख्या में ग्रामीण जनो के साथ-साथ कृषि एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## अलीगंज में तीन अपंजीक्रत हॉस्पीटल किऐ सीज व दो क्लीनिकों को थमाऐ गऐ नोटिस

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा







एटा-अलीगंज - कस्बाई इलाकों में अमर बेल की भांति दनादन पोंड रहे अपंजीक्रत हॉस्पीटल एवं क्लीनिकों पर जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिहं की पैनी नजर पडते ही सीएमओ डा. उमेश त्रिपाठी के तल्ख तेवरों ने अलीगंज कस्बे में फर्जी रूप से संचालित किये जा रहे स्वास्थ्य केन्द्रों के संचालकों की नींद हराम करते हुऐ उन पर एसीएमओ डा. राममोहन तिवारी व डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार की टीम से ऐसा चाबुक चलवाया कि अलीगंज नगर क्या आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में चाबुक की आवाज के कहर से झौलाछापों के द्वारा संचालित क्लीनिकों के शटर दनादन गिर पडे ! आज गुरूवार को अलीगंज पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभागीय कार्यवाही करते हुऐ जहां ऋष्णा देवी हॉस्पीटल , देव हॉस्पीटल , नंदिनी हॉस्पीटल को सीज किया है को वहीं डा. सुलेमान के जाफरी क्लीनिक नई सब्जी मंडी व संध्या भवन में संचालित डा. स्वेता व डा. शैली शाक्या के क्लीनिकों को नोटिस देकर मय अभिलेखों सहित सीएमओ कार्यालय में जबाब दाखिल करने के निर्देश दिऐ है ! मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विभागीय कार्यों की अधिकता के चलते पिछले लगभग एक माह से अंपजीक्रत व झौलाछाप क्लीनिकों के विरूद्द कार्यवाही रूकी हुई थी जिसे अब पुनः युद्दस्तर पर शुरू कर दिया गया है ! सीएमओ डा. उमेश त्रिपाठी ने जनमानस को आव्हान किया है कि किसी भी बीमारी की स्थिति में केवल सरकारी हॉस्पीटल या नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर ही अपना उपचार निशुल्कः कराऐ !

सीएमओ ने यह भी कहा के भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी जनहितकारी आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत पांच लाख रूपऐ तक के खर्चे का इलाज व आप्रेशन निशुल्क है ! जिसे किसी भी अनुबंधित बडे व छोटे हॉस्पीटल में भी लिया जा सकता है , उसका लाभ उठाऐं

## अटल एकता पार्क से जारी हुआ अश्लीलता का वीडियौ पर भड़के भाजपा नेता

### प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से की कार्यवाही की मांग

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास




झाँसी। गत दिवस अटल एकता पार्क में महिलाओं पर की गई अभद्रता और अश्लीलता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर अटल एकता पार्क में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर तमाम सवाल उठाए जा रहे है। इसी क्रम में सोशल मीडिया पर अश्लीलता का वीडियो वायरल करने वाले भाजपा नेता ने तीखी प्रक्रिया व्यक्त करते हुए अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर अटल पार्क में अश्लीलता करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष/ मंडल प्रभारी संजीव अग्रवाल लाला ने प्रतिनिधि मंडल के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन देते हुए बताया की नगर के सभी पार्कों में सुरक्षा बढ़ाई जाए और अटल एकता पार्क में महिलाओं को लेकर की गई अश्लील हरकत करने वाले दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होंने बताया की अटल एकता पार्क में अश्लील हरकत कर रहे लोगों का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ।

जिसमे सामाजिक मर्यादाओं को शर्मशार किया गया। अटल एकता पार्क ऐसी जगह स्थित है जहां सभी अधिकारियों के आवास बने हुए है। इस पार्क में आए दिन शोर शराबा मचाकर लोगों को परेशान करते है। जब कोई इसका विरोध करता है तो उसे यह अश्लील हरकत करने वाले लोग दबाव में लेने का प्रयास करते है। पार्क में लोग योगा और मॉर्निंग वॉक करने आते है। इस तरह की अश्लील हरकतों से महिलाओं का जीना दुश्वार हो गया है और पार्कों में कोई सुरक्षा नहीं है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा की अश्लीलता फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाए और पार्कों में सुरक्षा का इंतजाम किया जाए जिससे पार्कों में जाने वाली महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस न करें। इस दौरान नीता अवस्थी, कविता शर्मा, शशि रायकवार, नसरीन खान आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आज पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल




सूरजपुर- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम पेन्डरखी में आयोजित सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर के आज दूसरे दिन पशु धन विकास विभाग द्वारा गांव के किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में डॉक्टर विवेक प्रसाद गुप्ता पशु चिकित्सा सहायक शल्य, ए. आर.पैकरा, मो. नदीम पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी, पारसनाथ यादव गौ सेवक व शिक्षिका श्रीमती मंजू के द्वारा मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। शिविर में 160 पशुओं के लिए औषधी वितरण किया गया, जिससे 57 किसान व पशुपालक लाभान्वित हुए। इस दौरान 272 पशुओं का टीकाकरण के साथ ही 2 पशुपालकों का केसीसी प्रकरण तैयार कर स्वीकृति हेतु बैंक में भेजा गया। शिविर में डॉक्टर विवेक प्रसाद गुप्ता द्वारा पशुपालकों को पशुधन विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं सहित पशु चारे का उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, एफएमडी टीकाकरण, बधियाकरण और सघन टीकाकरण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। डॉक्टर गुप्ता द्वारा स्वयंसेवकों को कैरियर गाइडेंस की जानकारी देते हुए उन्हें प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजीव कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम में शिक्षक अरुण कुमार सिंह, श्रीमती उर्मिला सिंह, सुनिता यादव स्वयंसेवक पंकज प्रजापति, अंजू शशि कला यमुना ,धनेश्वरी ,सुनीता, प्रमोद, सिकंदर कुसुम, सतिमा, पद्मावती सनियारो, सुमेघा, राथो, पुष्पा, जगदेव, मृगेंद्र, जयनाथ सहित अन्य स्वयंसेवक व ग्राम के पशुपालक किसान उपस्थित थे।

## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बंद कर दी शासकीय नाली, हो रहा पानी जमा बिमारी फैलने का खतरा

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

बिहारपुर - ग्राम पंचायत बिहारपुर मोहल्ले के खासपारा शासकीय सड़क में मनीलाल गुप्ता के घर से ठाकुर गुप्ता के घर तक 50 मीटर 15 वां वित्त जिला पंचायत से स्वीकृत राशि 1.50000( देढ़ लाख ) की लागत से सड़क किनारे मार्च 2023 में नाली का निर्माण किया गया जिसके बाद सड़क एवं मोहल्ले की पानी नाली से निकासी होने लगा था जिसमें कांग्रेसी कार्यकर्ता भैयालाल गुप्ता ने ट्रैक्टर से धान लेकर नाली पार करके ले जाते समय मिट्टी डाल दिया था जिसे ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत को लिखित आवेदन दिया पर पंचायत ने कोई ठोस पहल नहीं की जिससे और मनोबल बढ़ गई अब ठाकुर गुप्ता द्वारा ट्रैक्टर से मिट्टी डालकर नाली बंद करा दिया गया पानी निकासी बंद हो गई जिससे पानी इकट्ठा होने पर क?ई प्रकार के बिमारियों का खतरा होने की संभावना है ग्रामीणों ने शीघ्र नाली खोलवाने की मांग की है। तहसीलदार बिहारपुर* संजय राठौर ने कहा मौके पर गया था नाली बंद किया गया है ग्राम पंचायत से जानकारी मांगी गई है आने पर कार्यवाही की जायेगी। जिसके बाद उचित कार्यवाही की जायेगी। भाजपा नेता* सुरेन्द्र गुप्ता ने कहां सरकार ग?ई ऐंठन नहीं गया कांग्रेस का अब गुण्डा राज खत्म हो गई है सुधर जायें शासकीय स्थानों पर अतिक्रमण बंद करें।

## कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल को दी गई भावभीनी विदाई

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल को आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के सरल व मिलनसार स्वभाव और उच्च प्रशासनिक क्षमता के संबंध में उपस्थित जनों द्वारा अपनी अपनी प्रतिक्रिया दी गयी। अपने विदाई के अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी अधिकारी व कर्मचारियों तथा जिले के निवासियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित प्रशासनिक अमले को टीम वर्क के साथ सेवा भाव से लोकहित में कार्य करने के लिए प्रेरणादायक शब्द कहे। शासन के नवीनतम स्थानांतरण आदेश के तहत कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल का स्थानांतरण जिला राजनांदगांव में हुआ है।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बालिका गृह, नारी निकेतन और सखी सेंटर का किया निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने उन्होंने आज रायपुर स्थित शासकीय बालिका गृह, नारी निकेतन और सखी सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं और महिलाओं को हर जगह सुरक्षा का अहसास होना चाहिए, इसके लिए उचित वातावरण और आवश्यक व्यवस्था होनी चाहिए। श्रीमती राजवाड़े ने बालिकागृह की बच्चियों से बात कर उनकी दिनचर्या, पढ़ाई और अन्य विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बालिकाओं द्वारा तैयार किए गए सजावटी सामानों को देखा और उनका हौसला बढ़ाया।

श्रीमती राजवाड़े ने नारी निकेतन और सखी सेंटर पहुंचकर भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और महिलाओं की हर संभव मदद के लिए कहा।

## 24 घंटे में अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए थाना सूरजपुर पुलिस ने किया 2 आरोपियों को गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर। -ग्राम नमदगिरी निवासी नरेश देवांगन ने थाना सूरजपुर में सूचना दिया कि इसका भतीजा 30 वर्षीय सुनील देवांगन का शव सोहन के खेत में पड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायमी कर मौके पर पहुंची। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने पुलिस अधिकारियों, एफएसएल व डॉग स्क्वार्ड की टीम को मौके पर भेज बारीकी से साक्ष्य संकलन कर मामले का खुलासा करने के निर्देश दिए। मामले की बारीकी से जांच के क्रम में शव पंचनामा के बाद मृतक का पीएम कराया गया जिसमें डॉक्टर के द्वारा मृतक की मृत्यु हत्यात्मक लेख किए जाने पर अपराध क्रमांक 03/24 धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान जानकारी सामने आई कि मृतक की पत्नी का रामकुमार के साथ अवैध संबंध है।

पुलिस ने संदेही रामकुमार केंवट को दबिश देकर पकड़ा, पूछताछ पर उसने बताया कि मृतक सुनील देवांगन की पत्नी लक्ष्मी देवांगन के साथ उसका अवैध संबंध है जिस कारण उसके घर में आना जाना था जिस कारण लक्ष्मी देवांगन के साथ मिलकर सुनील की हत्या करने की योजना बनाया और दोनों के द्वारा 02 जनवरी के रात्रि में सुनील को गमछे से गला दबाकर हत्या करना तथा साक्ष्य छुपाने के नियत से शव को खेत में फेंक देना बताया। जिसके बाद पुलिस ने लक्ष्मी देवांगन को पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाजरब जप्त कर प्रकरण में धारा 201, 34 भादसं. जोड़ते हुए आरोपी रामकुमार केंवट पिता पिता गोपाल केंवट, उम्र 32 वर्ष एवं लक्ष्मी देवांगन पति स्व. सुनील देवांगन उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम नमदगिरी, थाना सूरजपुर को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एएसआई अरूण गुप्ता, संजय सिंह, प्रधान आरक्षक राहुल गुप्ता, मोहम्मद तालिब शेख, आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे, हरिशंकर सिंह व संदीप शर्मा सक्रिय रहे।

## विकास कार्य मे रूकावट ओर ग्राम विकास अधिकारी की अनदेखी

क्यूँ न लिखूँ सच-निशाकांत शर्मा

एटा-विकास खण्ड सकीट के ग्राम पंचायत जलालपुर साथल मे ग्राम सचिव शाहीन वेगम की पोस्टिंग है यह वेगम अपनी हठ मिहिता के करण ग्राम प्रधान से अपने तालमेल नही विठा पा रही है । जिससे ग्राम पंचायत मे होने वाले विकास कार्य ठप पड़े हुए है इसका खामियाना पंचायत की भोली भाली जनता को उठाना पड़ रहा है। सूत्रों की जानकारी से ग्राम सचिव शाहीन वेगम अपने कार्यो को भी निभाने मे असमर्थ दिखाई दे रही है सूत्र यहां तक वता रहे है कि पंचायत मे कम से कम 20 जन्म प्रमाण पत्र वनने है । ओर कम से कम 15 मृत्यु प्रमाण पत्र वनने है मगर इन के परिजन यह प्रमाण पत्र वनवाने के लिए ग्राम सचिव साहिबा से कई वार मिन्नते भी कर चुके है मगर सचिव साहिबा अपनी हठ मिहिता व अपने पद का दुरपयोग करते हुए ओर पंचायत के विकास कार्यो से दूर भाग रही है ओर परेशान हो रहे है पंचायत के ग्राम वासी जब कि ग्राम सचिव कार्य है कि पंचायत मे जा कर ग्राम वासियों की समस्या को सुने ओर समय रहते अपने इस्त की समस्याओ का समाधान करे मगर ऐसा नही हो रहा है क्यो कि यह सव ग्राम विकास अधिकारी के संरक्षण मिलने के कारण अपने पद का दुरपयोग करने से पीछे नही हट रही है । सूत्र यहां तक वताते है कि ग्राम पंचायत सचिव शाहीन वेगम व ग्राम पंचायत अधिकारी स्वजातीय होने के कारण वी डी ओ ग्राम सचिव से विभागीय कार्य कराने मे कोई रुचि नही दिखा रहे है । अव आप को जानकारी देते चले कि शौचालय के केयर टेकर का भुगतान मई 2022 से जनवरी 2024 तक नही हुआ है बही पर शौचालय मेंटीनेन्स दिसम्वर 2022 के कराये गये कार्य का भुगतान जनवरी 2024 तक नही हुआ है ।ओर ग्राम प्रधान के मानदेय का भुगतान भी अप्रेल 2022से जनवरी 2024 तक नही किया गया है। इन्ही सब को देखते हुए ग्राम सचिव शाहीन वेगम की हठ मिहिता व वी डी ओ की अन देखी के करण ग्राम पंचायत के विकास कार्यो पर रोक लगी हुई है । क्यो कि वी डी ओ की ग्राम सचिव शाहीन वेगम स्वजातीय होने के कारण ग्राम विकास अधिकारी अपनी आँखो पर ध्रतराष्ट्र बाली पट्टी बाध कर वैठे हुए है।

## मल्टी स्टोरी विद्यालय के वाथरूम मे लगी पानी की मोटर चोरी

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच( जालौन ) कोतवाली कोंच मे प्रार्थना पत्र देते हुये मल्टी स्टोरी काशीराम कालोनी कोंच के इंचार्ज प्राधाना ध्यापक मनोज कुमार अवस्थी ने बताया है की दिनांक 31दिसम्बर2023 को विद्यालय परिसर के वाथ रूम मे पानी की मोटर टिल्लू मशीन लगी हूई थी जिसको किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है जिसकी आस पास के लोगो द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कोई सुराग नही मिल सका है उन्होंने कोतवाली पुलिस से इस पर रिपोर्ट दर्ज किये जाने की मांग की है

## सब इंस्पेक्टर कमल नारायण ने एक युवक के कब्जे से शराब के क्वाटर पकड़े

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच( जालौन ) थाना रेढर के सब इंस्पेक्टर कमल नारायण अपने हमराही के साथ गस्त कर रहे थे तभी ग्राम क्योलारी मे एक व्यक्ति पुलिस को देख कर भागने लगा तभी पुलिस को शक होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया और थाने ले आये पुलिस ने जमा तलाशी ली तब उसके पास से 17 अदद देशी शराब के क्वाटर बरामद हुये है पुलिस ने उसका नाम सत्येंद्र पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम क्योलारी बताया है पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा धारा 60 आबकारी एक्ट मे दर्ज कर लिया है

## नवनिर्मित राजकीय महाविद्यालय हरदत्त नगर गिरन्ट का आकस्मिक निरीक्षण कर लिया जायजा

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल



श्रावस्ती,जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने तहसील जमुनहा के अन्तर्गत हरदत्तनगर गिरन्ट में बने नव निर्मित राजकीय महाविद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया ,तथा शर्तो के मुताबिक अवशेष कार्यो को पूर्ण कराकर हैंडओवर की कार्यवाही का कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद के सहायक अभियन्ता उमाशंकर चौरासिया को निर्देश दिया दिया।जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान अवर अभियंता आदिल बेग ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि मुख्य भवन ,फायर फाइटिंग कार्य, बाउंड्रीवाल, ओएचटी, सी सी रोड़, ड्रेन, गेट,कैटल ट्रेट, टीयूबबेल, पम्प हाऊस, रेनवाटर,हार्वेस्टिंग , शोकपिट ,सेफ्टी टैंक एवं फर्नीचर आदि का कार्य कराया गया है, और महाविद्यालय के हैंडओवर की कार्यवाही की जा रही है,जिस पर जिलाधिकारी ने हैंडओवर की कार्यवाही में तेजी लाने का सम्बन्धित अभियन्ता को निर्देशित किया है ,ताकि महाविद्यालय में पठन पाठन प्रारम्भ कराया जा सके ।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि इस राजकीय महाविद्यालय में 10 क्लास रूम,04 प्रयोगशाला,04 कार्यालय, 04 कम्प्यूटर रूम,01 पुस्तकालय आदि है इस क्षेत्र में महाविद्यालय के निर्माण से निश्चित ही इस क्षेत्र के छात्र - छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण हेतु घर से दूर नही जाना पड़ेगा उन्हें अपने जनपद/ क्षेत्र में ही बेहतर शिक्षा का अवसर मिलेगा, विशेष कर इस क्षेत्र की छात्राए भी अब उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपना भविष्य संवार संकेंगी। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था के सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## धान खरीदी केंद्रो में कमीशन बाजी चरम पर, लुट रहे किसान, व्यापारियों की बल्ले बल्ले

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी



मुंबई- धान खरीदी केंद्रो में कमीशन बाजी चरम पर, लुट रहे किसान, व्यापारियों की बल्ले बल्ले। किसानों से सौतेला व्यवहार व्यापारियों को खुली छूट, प्रति कुंटल 10 रुपए लिया जा रहा लेबर खर्च 1 किलो अधिक धान की जा रही भर्ती शासन स्तर पर किसानों की फसल खरीदी हेतु बनाए गए उपार्जन केंद्रों में वैसे तो जहां देखा जाए वही बिचौलियों का बोलबाला है लेकिन सबसे खराब स्थिति मऊगंज जिले के नईगढ़ी विकासखंड अंतर्गत आने वाले धान खरीदी केंद्र चिल्ला में देखने को मिली। जहां दीनदयाल स्व सहायता समूह प्रबंधक द्वारा की तथाकथित की जा रही मनमानी वसूली के चलते किसानों के साथ खुली लूट मची हुई है। आलम यह है कि किसानों की धान खरीदने में खरीदी केंद्र के जिम्मेदार आनाकानी करते हैं और व्यापारियों को खुली छूट दे रखे हैं। पीड़ित किसानों ने बताया कि जो किसान इनके मांग के अनुसार राशि देता है उसके धान की खरीदी तो समय पर हो जाती है और जो किसान कमीशन देने से मना कर देता है उसे उपार्जन केंद्र में 1 से 2 दिन तक अपना नंबर आने की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। जिस तरह से उपार्जन केंद्रों में लूट का सूट कमीशन बाजी के साथ किसानों से अभद्रता और व्यापारियों को खुली छूट दी जा रही है उससे अन्नदाताओं में आक्रोश का माहौल निर्मित है। धान खरीदी केंद्रों में चल रही मनमानी राज से परेशान किसानों ने कहा यदि समय रहते प्रशासन द्वारा नियमानुसार खरीदारी किए जाने की कार्यवाही नहीं की जाती तो मजबूर होकर किसान अपने हक की लड़ाई के लिए सड़कों पर उतरेंगे

## झाँसी के सकरार महिला थानेदार हत्यारोपी के बीच मुठभेड़.. हत्यारोपी के पैर में लगी गोली



क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी जिले के सकरार थाना महिला थानेदार और हत्यारोपी के बीच कई राउंड चली गोलियां,मुठभेड़ में आरोपी के पैर में लगी गोली विगत दिनों आरोपी ने सकरार थाना क्षेत्र के ग्राम जावन में अधेड़ की कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर दी थी. हत्या के बाद आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें जगह जगह दबिश दे रही थी. वही एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आज देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि हत्यारोपी झाड़ी बाबा मंदिर के पीछे जंगल में छुपा हुआ है। जिसके बाद कई थानों की पुलिस ने आरोपी की घेरा बंदी की। घेराबंदी के बाद आरोपी ने पुलिस पर फायर कर दिया। वही पुलिस ने भी अपना बचाव करते हुए जवाबी फायरिंग की जिसमे हत्यारोपी के पैर में गोली लगी है जिसके बाद हत्यारोपी को घायल अवस्था में हिरासत में लेकर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।पुलिस को आरोपी के पास से तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला है।

## ब्राह्मण महासागर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अजय शुक्ला जी द्वारा कार्यकारिणी गठित


क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



सतना समस्त ब्राह्मण महासागर मंच के पदाधिकारी एवं सम्मानित सलाहकार उचित मार्गदर्शकों के द्वारा गुरुवार को पंडित अनिल कुमार पांडे जी को लाडली बहना वैवाहिक मंच के जिला अध्यक्ष सभी के द्वारा घोषित कर कारभार सोपा गया जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारी के द्वारा खुशी का माहौल बना हुआ है और बधाई का दौर चल रहा है हर जगह इस बात की सराहना की जा रही है

## लाडली बहना वैवाहिक मंच के जिला अध्यक्ष पंडित अनिल कुमार पांडे नियुक्ति

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



सतना अनिल कुमार पाण्डेय ग्राम पोस्ट जमुना टोला मुकुंदपुर जिला मैहर म.प्र.को नियुक्त किया गया एवं ब्राह्मण महासागर मंच के द्वारा लाचार असहाय ब्राह्मण परिवार के बालिक बच्चों एवं बच्चियों के योग्य वर और वधू परिजनों के द्वारा चयनित कर समाज के सहयोग से कार्य संपन्न कराए जाएंगे जिसमें अनिल पांडे जी अपनी अहम भूमिका निभाते हुए समाज के प्रति शुभचिंतक साबित होंगे लाडली बहना वैवाहिक मंच के कारण समाज में काफी खुशी की लहर एवं अति उत्स है लाडली बहना वैवाहिक मंच में हर एक प्रकार के गवर्नमेंट जॉब से लेकर निम्न स्तर तक के लड़के एवं लड़कियों के बायोडाटा सहित प्रस्तुत होते हैं गार्जियन अपने-अपने हिसाब से देख कर फाइनल बात कर ग्रुप के माध्यम से मदद लेते हैं तलाकशुदा अनाथ विधवा जैसे लड़के लड़कियों के भविष्य को देखकर घर बसाई जैसे कार्य समाज के सहयोग से संपन्न कराने की अपील समाज से की गई है जिसमें लाडली बहना वैवाहिक मंच के जिला अध्यक्ष पंडित अनिल कुमार पांडे जी अपनी नई टीम गठित कर समाज के प्रति शुभचिंतक होंगे?? दहेज एवं टेंट शामियाना दिखावा जैसी चीज को लाडली बहना वैवाहिक मंच विरोध करती है

## विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत कुठिला के भाभ्य आयोजन में शामिल हुए रीवा संसद वा विधायक सिद्धार्थ तिवारी जी

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद रीवा के संभाग समन्वयक आदरणीय श्री प्रवीण पाठक जी, विकासखण्ड समन्वयक आदरणीय श्री अमित अवस्थी जी ,के निर्देशन पर विकासखंड त्यौंथर के सेक्टर त्यौंथर अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत कुठिला में पहुंची ।जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच आदरणीय कुंवर हिमांशुधार सिंह जी ने ग्राम पंचायत में भाभ्य कार्यक्रम का आयोजन किया ।जिसमे रीवा के लोक प्रिय संसद आदरणीय श्री जनार्दन मिश्रा जी, त्यौंथर के लोकप्रिय विधायक आदरणीय सिद्धार्थ तिवारी जी, क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी आदरणीय कौशलेश द्विवेदी जी त्यौंथर के वार्ड 01 के पार्षद आदरणीय विद्यासागर शुक्ला जी हुए शामिल ।ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए त्यौंथर में पदस्थ सभी विभाग के कर्मचारी रहे उपस्थित ।जिसमे सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी,साथ ही कार्यकर्म में चार चांद लगाते हुए सरपंच सुता सुश्री वशुधा सिंह जी ने अयोध्या में भगवान श्री राम जी के अगवान पर अपने गीत के माध्यम से लोगो का मन मोह लिया ।साथ ही नवांकुर चयनित संस्था तेजस्विनी महिला मंडल की अध्यक्ष सुश्री ज्योति सिंह जी ने विकसित भारत संकल्प योजना के बारे में लोगो की जानकारी,कार्यकर्म में भाग लिए हुए सभी विभागों से महिला बाल विकास ने महिलाओं और बालिका संबंधी योजनाओं की जानकारी दी,तथा स्व सहायता समूह के अधिकारी, कल्याण एवं कृषि विभाग संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई ।जैसे पीएम आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना,उज्वला योजना, किसान सम्मन निधि योजना, किसान गरीब कल्याण योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, फसल बीमा योजना, मातृ योजना, लाडली बहना योजना ,आदि योजनाओं की जानकारी अलग-अलग विभागों द्वारा प्रदान की गई । ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव,पटवारी हल्का,जीआरएस तथा जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर योजना के अंतर्गत धेनु श्री उद्यमिता विकास एवं गौ सेवा समिति की जिला विस्तारक अधिकारी निशा सिंह जी, सेक्टर प्रभारी विवेक सिंह जी, मेंटर्स बेगम जी,रुकमणि तिवारी जी,ग्राम पंचायत की आगनवाड़ी कार्यकर्ता, व जनपद से आए हुए कर्मचारी तथा एमएसडब्लू व बीएसडब्ल्यू के छात्र ,एवम मुख्यमंत्री युवा जन सेवा मित्र, विवेक ,निर्मिता सिंह भी उपस्थित रही।

## बीएसी, सीएसी को स्कूलों में जाकर पढ़ाना होगा वर्ना होगी कार्रवाई

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी

मुंबई- बीएसी, सीएसी नियुक्त होने के बाद शिक्षकों ने स्कूलों में पढ़ाने से ही तौबा कर ली थी। अब उनकी यह मस्ती नहीं चलेगी। पहले स्कूलों में जाकर पढ़ाना होगा इसके बाद ही सीएसी, बीएसी की जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा।

ज्ञात हो कि रीवा जिला में सैकड़ों की संख्या में माध्यमिक शिक्षकों को सीएसी और बीएसी नियुक्त किया गया है। बीएसी, सीएसी नियुक्त होने के बाद शिक्षकों ने स्कूल जाना ही बंद कर दिया। निरीक्षण और जांच के नाम पर अब तक मजे कर रहे थे। स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना ही छोड़ दिया था लेकिन इन शिक्षकों को जिला पंचायत सीईओ ने झटका दे दिया है। सीईओ ने सभी विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को नोटिस जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि जनपद शिक्षा केन्द्रों में पदस्थ कार्यानुमति पर कार्यरत सीएसी, बीएसी अपने पदांकित शाला में शैक्षणिक कार्य करने के बाद ही जनशिक्षक, बीएसी के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। जनपद शिक्षा केन्दों में कार्यानुमति पर कार्यरत बीएसी, जन शिक्षा केन्दों में कार्यानुमतिपर कार्यरत जनशिक्षक अपने पदांकित शाला में जाकर शैक्षणिक कार्य करेंगे। इसके बाद ही जनशिक्षक, बीएसी के दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## शामली लक्ष्य फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा सड़कों पर सो रहे हैं असहाय 31 लोगों को बांटे गए कंबल

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता



शामली। लक्ष्य फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा सडकों पर खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों को बढती सर्दी से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने करीब 31 असहाय लोगों को कंबल प्रदान किए गए। मंगलवार देर रात्रि लक्ष्य फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा बढती सर्दी से बचाव को कंबल वितरित किए गए। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने देर रात्रि शहर के मुख्य चौराहो अजंता चौक, शिव चौक, फव्वारा चौक, विजय चौक व गुरूद्वारा चौक के अलावा रेलवे स्टेशन व बस स्टेंड पर पहुंचकर खुले आसमान में नीचे सो रहे असहाय लोगों को कंबल प्रदान किए गए। फाउंडेशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि रात्रि में 31 ऐसे लोगों को कंबलों का वितरण किया गया, जो सडक पर खुले आसमान में नीचे या तो बैठे थे, या फिर सो रहे थे। ट्रस्ट द्वारा इस सर्दी में 150 लोगों को कंबलों का वितरण करने का लक्ष्य रखा है, जो प्रतिदिन रात्रि में सडकों पर घूमकर लोगों को कंबलों का वितरण किया गया जायेगा और प्रशासन द्वारा बनाए गए रैन बसेरों में भी उन लोगों को भेजने का प्रयास किया जायेगा, ताकि भीषण ठंड में किसी को अपनी जान से हाथ न धोना पडे। इस अवसर पर वैभव गर्ग, सुशील गौतम, विकास शर्मा, काव्य जैन, रविन्द्र आर्य कैमरामैन रामकुमार चौहान आदि मौजूद रहे।

## शामली बाबा खाटू श्याम चुलकाना दर्शन हेतु 28 जनवरी को होगी बस रवानी

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली श्री लक्ष्मी नारायण सेवा समिति शामली के तत्वाधान में शामली से बाबा खाटू श्याम चुलकाना दर्शन हेतु 28 जनवरी को हनुमान टीला हनुमान धाम से बाबा खाटू श्याम चुलकाना दर्शन हेतु 28 जनवरी को बस रवाना होगी

जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तों को लेकर बाबा खाटू श्याम चुलकाना धाम जाएगी

## अनियनित्रित ट्रैक्टर ने बालिका को कुचला मौके में मौत घोषित

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी



मऊगंज के अस्पताल में पीएम के लिए चीर घर में बालिका की लाश रख लगाया गया ताला परिजनों में बढा गुस्सा मऊगंज जिले के देवतालाब शिव मंदिर मार्ग में अनियंत्रित ट्रैक्टर ने 13 साल के बालिका को कुचला मौके में बालिका की मौत देवतालाब की पुलिस ने मृतक बालिका को मऊगंज अस्पताल पहुंचाया इस बीच डॉक्टर ने बालिका को मृत्यु कर दिया और उसे पीएम के लिए चीरघर में रखा गया है लेकिन घर वालों का आरोप है कि पुलिस ने मनमानी की है मृतक को हमारे लोगों के बिना सहमत के ही जबरन लेकर मऊगंज चली गई है अब बड़ी बात तो यह है कि पीएम के लिए बालिका को चीरघर में रखा गया है और वहां पर ताला लगा दिया गया है ऐसी स्थिति में वहां पर डॉक्टर अभी तक मृतिका बालिका की पीएम करने नहीं पहुंचे हैं इस बात को लेकर परिजनों में काफी गुस्सा है और धीरे-धीरे काफी संख्या में लोग अस्पताल में एकत्रित हो रहे हैं ऐसा लगता है कि विवाद की स्थिति बन जाएगी।

## बारह वर्षीय बालक पुलिस ने परिवार जनों को सौंपा

क्यूँ न लिखूँ सच
पवन कुमार



कोंच( जालौन ) -समीर पुत्र सुबरती निवासी पनवाडी जिला महोबा उम्र करीब बारह वर्ष जो की अपने मामा के यहां रह रहा था जो कही खो गया था खोने की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा तत्परता व सक्रियता से समीर उपरोक्त को तलाश कर उसके मामा राशिद पुत्र पप्पू निवासी मोहल्ला मालवीय नगर कस्बा व कोच के सुपुर्द किया गया पुलिस के इस कार्य की काफी सराहना की गई

## हनुमना जनपद पंचायत सीईओ को मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन ने लिखा पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी




हनुमना जनपद के सचिव संगठन ने सातवें वेतनमान के लिए मांग किये मध्य प्रदेश के अंतर्गत जहां अगस्त 2023 को सातवें वेतनमान का आदेश मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा जारी हुआ वही सातवां वेतनमान के लिए जनपद पंचायतो को निर्देशित किया गया। समस्त जनपद पंचायत के सचिव को नये वेतनमान के साथ वेतन दिया जा रहा है ।वहीं ऐसा मामला सामने आया है जहां हनुमना जनपद की बात की जाए 4 माह बीत जाने के बावजूद भी ग्राम पंचायत के सचिवों को नये वेतनमान के साथ वेतन नहीं दिया जा रहा है ।इसी के संबंध में मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन हनुमना के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हनुमना को पत्र लिखकर माह दिसंबर 2023 का वेतन सातवें वेतनमान के साथ दिए जाने के संबंध में पत्र दिया गया है वही पंचायत सचिव संगठनों के द्वारा भी मांग की गई है अगर उनकी मांगे पूरी नहीं होगी तो मजबूर होकर अन्य वैधानिक निर्णय लिया जा सकता है इस संबंध में पंचायत सीईओ को अवगत हो एवं सहयोग करने के लिए माग की गई है।

## 22-1-2024 को भगवान श्री रामजी के प्राण प्रतिष्ठा दीपोत्सव का आगाज

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता



शामली। आज दिनाँक 4-1-2024 को शामली के जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल द्वारा 22-1-2024 में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा दीपोत्सव के लिए प्राण प्रतिष्ठा दीपोत्सव के आगाज की शुरुआत की है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि शामली के सभी श्री रामजी भगत निवासी जायदा से जायदा दीप खरीद कर इस होने वाले दीपोत्सव का मिलकर आगाज दे और भगवान श्रीराम जी के प्रति अपने प्रेम भाव की मिशाल दे और पूरे भारत देश से दीपोत्सव मनाये जाने का आगाज पूरी दुनिया मे सुर्य के प्रकाश की भाँति पूरी दुनिया में फैले। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जयदेव मालिक ( ब्लाक प्रमुख ), सुभाष गुप्ता, शिवांगी बंसल, सतीश धीमान, सुनील अरोरा,रिश् बंसल,आशीष त्यागी, रविन्द्र सिंह लवली, राजीव सिंह अजित निर्वाल आदि के साथ-साथ अनेको भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## टीएल बैठक के साथ गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक आयोजित हुई

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी



जनपद सभागार मऊगंज में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न विभाग के अधिकारियों की टीएल बैठक ली गई। जिसमें कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न योजनाओं में गति लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। टीएल बैठक उपरांत गणतंत्र दिवस धूमधाम पूर्वक मनाए जाने को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। गौरतलब है कि नवगठित मऊगंज जिले में पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। गणतंत्र दिवस पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह कलेक्टर कार्यालय परिसर मैदान मऊगंज में आयोजित किया जाए?गा। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी बैठक जनपद सभागार में आयोजित की गई। यह बैठक टीएल बैठक के बाद आरंभ हुई। बैठक में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के तैयारियों को विभागवार समीक्षा की गई। सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक दौरान निर्देश दिए गए की किस अधिकारी द्वारा कौन से कार्य के दायित्व का निर्वहन करना है। साथ ही गणतंत्र दिवस धूमधाम पूर्वक मनाया जाए उस विषय पर विस्तृत चर्चाएं हुई तथा कार्य योजना का अंतिम रूप दिया गया। आयोजित बैठक में मुख्य रूप से कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक बीरेंद्र जैन, अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी, एसडीएम बृजेन्द्र कुमार पाण्डेय सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में जन अभियान परिषद त्यौंथर की टीम का रहा सराहनीय कार्य

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद रीवा के संभाग समन्वयक आदरणीय श्री प्रवीण पाठक जी, विकासखण्ड समन्वयक आदरणीय श्री अमित अवस्थी जी ,के निर्देशन पर विकासखंड त्यौंथर के सेक्टर त्यौंथर अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत गोपालपुरावा में पहुंची।जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव ने ग्राम में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन किया।जिसमे सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी,साथ ही नवांकुर चयनित संस्था तेजस्विनी महिला मंडल की अध्यक्ष सुश्री ज्योति सिंह जी ने विकसित भारत संकल्प योजना के बारे में लोगो की जानकारी,कार्यकर्म में भाग लिए हुए सभी विभागों से महिला बाल विकास ने महिलाओं और बालिका संबंधी योजनाओं की जानकारी दी,तथा स्व सहायता समूह के अधिकारी, कल्याण एवं कृषि विभाग संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।जैसे पीएम आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना,उज्ज्वला योजना, किसान सम्मन निधि योजना, किसान गरीब कल्याण योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, फसल बीमा योजना, मातृ योजना, लाडली बहना योजना ,आदि योजनाओं की जानकारी अलग-अलग विभागों द्वारा प्रदान की गई । ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव,पटवारी हल्का,जीआरएस तथा जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर योजना के अंतर्गत धेनु श्री उद्यमिता विकास एवं गौ सेवा समिति की जिला विस्तारक अधिकारी निशा सिंह जी, सेक्टर प्रभारी विवेक सिंह जी, मेंटर्स रुबिया बेगम जी,रुकमणि तिवारी जी,ग्राम पंचायत की आगनवाड़ी कार्यकर्ता, व जनपद से आए हुए कर्मचारी तथा एमएसडब्लू व बीएसडब्ल्यू के छात्र ,एवम मुख्यमंत्री युवा जन सेवा मित्र, विवेक ,निर्मिता सिंह भी उपस्थित रही।

# क्षेत्राधिकारी सदर व सिटी मजिस्ट्रेट,प्रार्थना पत्र पर दिया गया जांच कर न्याय का भरोसा

क्यूँ न लिखूँ सच
पवन कुमार




जालौन- अधिवक्ताओं तथा दस्तावेज लेखकों ने सब रजिस्टार उरई पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप लगे मुर्दाबाद के नारे घेरा कार्यालय मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी सदर व सिटी मजिस्ट्रेट,प्रार्थना पत्र पर दिया गया जांच कर न्याय का भरोसा- उरई( जालौन )। सब रजिस्ट्रार उरई पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और रजिस्ट्री कराने आये लोगों ने जमकर बवाल काटा और उप निबंधक एवं रजिस्ट्रार विवाह पंजीकरण कार्यालय उरई को घेरकर मुर्दाबाद के नारे लगाए।जिससे मामला अति संवेदन.शील हो गया। मामले की नजाकत को भांपते हुए सब रजिस्ट्रार कल्पना अवस्थी -जेल रोड पर स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय उरई जिसमें सब रजिस्ट्रार कल्पना अवस्थी की पोस्टिंग लगभग एक साल पहले जनपद में हुई थी। आज सिटी मजिस्ट्रेट को समस्त अधिवक्तागण एवं समस्त दस्तावेज लेखकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र दिया गया उसमें आरोप लगाये कि निबंधक महोदया के काम और तरीकों से हम लोग संतुष्ट नहीं हैं। समय से कार्य का प्रारम्भ न होना। कोई भी नियम, बदलाव का लिखित आदेश न होना। भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा। चुनिंदा लोगों का काम तुरन्त करवाना। कार्यालय को अपनी तानाशाही से चलाना। प्रत्येक रजिस्ट्री में मिल्कियत की एक प्रतिशत की मांग करना। अगर यह शर्तें रजिस्ट्री आफिस में पूरी नहीं करते हैं तो उसकी रजिस्ट्री होना संभव नहीं है और सभी अधिवक्ताओं ,दस्तावेज लेखकों ने ये भी कहा कि जब तक कल्पना अवस्थी का ट्रांसफर नहीं हो जाता जब तक कार्य का बहिष्कार करते रहेंगे और जरूरत पड़ी तो अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे । शिकायत करने वालों में अधिवक्ता अनुराग बैद्य एडवोकेट ,राघवेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट,हरगोविन्द तिवारी, दीपेन्द्र श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार दुबे, विनोद कुमार गौतम एडवोकेट ,कुलदीप तिवारी,लेखक कमलेश श्रीवास्तव अध्यक्ष दस्तावेज लेखक संघ, रमाकान्त कुशवाहा, संतोष कुमार पाल, महेन्द्र प्रताप, कमलेश कुशवाहा, रोहित मिश्रा, अनीस, मुबीन खान एडवोकेट ,हैदर अली एडवोकेट ,राजीव कुमार श्रीवास्तव,रामू मिश्रा, भवानी शंकर, भूरे तिवारी, सोनू गोरन, जितेंद्र तिवारी, हरस्वरूप श्रीवास्तव, अवनीश महाराज, आदित्य तिवारी, विक्कू पाठक ,मनोज यादव,यशवेंद्र सेंगर,रईस खान आदि शामिल रहे।

# त्योंथर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रेही में 8 महीने मे हुआ 27 लाख की हेरा फेरी

क्यूँ न लिखूँ सच -आलोक मिश्रा

सूत्रो के मुताबिक मिली जानकारी के अनुसार त्योंथर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत रेही में 8 महीने के अन्दर लगभग 27 लाख का हुआ काम जिसमें जनेह में एक घटिया नाली निर्माण कराया गया ,वहीं दत्तूपुर में दो वर्ष पूर्व में बने चबूतरे को तोड़कर फिर से बनाया गया मात्र पैसे के लिए वहीं सचिव के द्वारा अपनी आईडी पासवर्ड प्राइवेट व्यक्ति को देकर जनता के जेब में डलवाए डाका परिवार विभाजन परिवार आईडी में नाम जोड़ने, काटने , एवं उज्जवला योजना जैसे लाभ दिलाने के लिए यह प्राइवेट व्यक्ति जिसे सचिव रखे हैं वह पैसे लेकर कार्य करता है अगर ग्रामीण सचिव के पास जाते हैं तो सचिव उसी व्यक्ति के पास भेजते हैं जहां गरीब जनता के जेब से पैसे लिए जाते हैं अगर पैसा ना दिया जाए तो नही होता है कोई कार्य ग्राम पंचायत रही में नहीं होता क्या त्योंथर में पदस्थ सक्षम अधिकारियों तक नहीं पहुंची जानकारी या फिर नहीं की गई ग्राम पंचायत रेही की जांच आखिर कब होगी भ्रष्टाचारी कर्मचारियों के कार्यों की जांच कब होगी पूछती है रेही पंचायत की जनता ग्राम पंचायत रही की जनता त्रस्त है परंतु उनके समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है आखिर 8 महीने के अंदर लगभग 27 लाख रुपए कहां व्यय हुए हैं आखिर ऐसा कौन सा काम किया गया है जहां पर 27 लाख रुपए खर्च हुए और ग्रामीणों को इसकी जानकारी भी नहीं मिली यह तो जांच का विषय है मैं जनपद मैं पदार्थ सक्षम अधिकारियों से अनुरोध करना चाहूंगा की इसकी जांच करके ग्रामीणों के समस्याओं का समाधान किया जाए

# भीड़भाड़ वाले इलाके से शराब की दुकान हटवाने की मांग

क्यूँ न लिखूँ सच
दीपक सैनी



मऊरानीपुर- भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में शराब की दुकान हटवाने को लेकर ग्राम घाट कोटरा निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने उप अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल शराब की दुकान को स्थानांतरित करने की मांग की है जानकारी के अनुसार जुगल किशोर, रामदास, संदीप सिंह, राजविंदर सिंह , प्रेम नारायण ,मुरली वर्मा ,गजेंद्र सिंह विशेष सिंह, राजेश, पुष्पेंद्र सिंह, नवाब सिंह, पदम शर्मा, दीपक सिंह, प्रहलाद सिंह, हरपाल सिंह ,प्रीतम सिंह, जुगल साहू ,कैलाश साहू, बृजेश रैकवार, सत्तार खान ,मोहित सेन , सहित तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने उप अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र बताया की ग्राम घटकोटरा में बस स्टैंड के पास सरकारी देसी शराब की दुकान काफी दिनों से जिसमें भीड़भाल वाले इलाकों में शराबी शराब का सेवन कर वहां से गुजरने वाले राहगीरों व छात्र छात्राओं को मुसीबत में डाल रहे हैं शराबियों का जमवाड़ा परेशानी में डाल रहा है जिसके कारण बच्चे छात्राएं पूरी तरीके से परेशान है प्रार्थना पत्र में मानक के अनुसार उक्त देसी शराब को भीड़भाड़ वाले इलाके से देसी शराब की दुकान को स्थानांतरित करने की मांग की गई

# महापुरुषों के नाम पर बनने वाले स्वागत द्वारों का काम जल्द शुरू

क्यूँ न लिखूँ सच
दीपक सैनी



मऊरानीपुर- मऊरानीपुर विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग प्रमुख स्थानों पर क्षेत्र की विधायक डॉक्टर रश्मि आर्या द्वारा महापुरुषों के नाम पर स्वागत द्वार बनाने के प्रयास अब शीघ्र पूरे होंगे अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग झांसी द्वारा आधा दर्जन स्थानों पर महापुरुषों के नाम के द्वारों के टेंडर जारी कर दिए गए हैं जिनका जल्द निर्माण शुरू हो जाएगा।विधायक निधि से लगभग एक करोड़ बीस लाख साठ हजार रूपए की लागत से मऊरानीपुर गरोठा रोड पर स्थित बसेरा सिटी के आगे महापुरुष परशुराम द्वार, मऊरानीपुर झांसी रोड पर स्थित ग्रामोदय विद्यालय के पास महापुरुष महाराणा प्रताप द्वारा, मऊरानीपुर गुरसराय रोड पर स्थित लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा, पर स्थित ग्राम कावनेव चौराहे पर राजा निषाद राज द्वार ,ग्राम टहरौली बबनुआ रोड पर स्थित लव कुश द्वारा, मऊरानीपुर भंडारा रोड पर स्थित मंढा मंदिर के पास मां कर्मा बाई द्वारा, का निर्माण कर इस प्रक्रिया के बाद शुरू हो जाएगा। स्थानीय विधायक के प्रयासों की नगर एवं क्षेत्र वासियों ने सराहना की है स्थानीय विधायक डॉक्टर रश्मि आर्या ने बताया की जनता की जनता की मांग पर उन्होंने महापुरुषों के नाम स्वागत द्वार के निर्माण कार्य करने का प्रयास किया है जिसके कारण लोग उक्त महापुरुषों को याद करते रहेंगे तथा महापुरुषों के द्वारा बताए गए आदर्श पर चलने का प्रयास करेंगे

# समय से काम ना होने का आरोप लगाते हुए वकीलों एवं मुंशीओ ने काटा हंगामा

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

जालौन- जनपद जालौन के उरई शहर में आज सब रजिस्टार कार्यालय में समय से काम ना होने का आरोप लगाते हुए वकीलों एवं मुंशीओ ने काटा हंगामा। सब रजिस्टार कल्पना अवस्थी पर भ्रष्टाचार का लगाया आरोप। वकीलों ने सब रजिस्टार पर आरोप लगाते हुए बताया कि बैनामा की फाइल को पास कराने के नाम पर कमीशन मांगा जाता है। जिसको लेकर आज वकीलों ने सब रजिस्टार कार्यालय के बाहर बैठकर प्रदर्शन किया एवं नारेबाजी की। जिसको देखते हुए उच्च अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल सिटी मजिस्ट्रेट को जांच के लिए भेजा।

# ड्रोन के सहारे खेतों में किया जा रहा है खाद वा कीटनाशक दबाओ का छिड़काव

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

जालौन- जनपद जालौन के किसानों का मानना है कि ऐसा करने से समय की बचत भी होगी और सही ढंग से खाद एवं कीटनाशक दवा का छिड़काव भी होगा इसको देखकर के ऐसा लग रहा है कि मोदी सरकार का किसानों को आत्मनिर्भर किसान बनाने का सपना सच होता नजर आ रहा है ड्रोन की मदद से कीट नाशक दवा एवं खाद का छिड़काव देखकर आसपास के किसान भी इसी तरह से अपने खेतों में खाद का छिड़काव करने को तैयार है ऐसा करने से किसान आत्मनिर्भर किसान बनेगा

# एनीमिया मुक्त भारत अभियान में प्रदेश में जिले को मिला प्रथम स्थान

क्यूँ न लिखूँ सच
अरविन्द कुमार यादव



श्रावस्ती ,जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया है कि भारत के आकांक्षी जनपदो में अन्य जनपदों की तुलना में श्रावस्ती जैसे छोटे जनपद ने एनीमिया मुक्त भारत अभियान में उत्तर-प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वही संभव अभियान में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, जो जिले के लिए गर्व की बात है, श्रावस्ती भले ही हिमालय की गोद में मेनस्ट्रीम से कटा हुआ एक छोटा सा जनपद है जो हिमालय की तराई वाली ठंड तथा राप्ती की बलखाती बाढ़ से परेशान है। पिछले डेढ़ सालों में श्रावस्ती के सोशल सेक्टर में बहुत सी चीजें बदल गई है अब शिक्षा स्वास्थ्य एवं आईसीडीएस के बीच समन्वय स्थापित करके अप्रैल 2023 से सितम्बर 2023 तक एनीमिया मुक्त अभियान तथा जून 2023 से सितम्बर 2023 तक सैम बच्चों के प्रबन्धन अभियान चलाया गया था, एनीमिया मुक्त भारत अभियान में श्रावस्ती पूरे प्रदेश में 64.5 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि एनीमिया मुक्त भारत अभियान में उत्तर प्रदेश 46.0 अंक ही स्कोर कर पाया है, तथा माह सितंबर 2023 में सैम.मैम बच्चों के पोषण प्रबंधन के संबंध में चार माह तक चलने वाले संभव अभियान में इस जनपद ने प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। पहली बार में इस पांच ब्लॉक वाले जनपद ने 20-20 ब्लाक वाले जनपदों से प्रतिस्पर्धा करके प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

# अवैध कब्जाधारियों की अब खैर नहीं

क्यूँ न लिखूँ सच
दीपक सैनी



मऊरानीपुर- सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले वालों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई करने को लेकर उपजिलाधिकारी गोपेश तिवारी की अध्यक्षता में क्षेत्राधिकारी लक्ष्मी कांत गौतम की मौजूदगी में तहसील सभागार में सर्कल के थाना तहसील सभागार में सर्कल के सभी थाना अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें शासन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करने का जोर दिया गया बैठक में उप जिलाधिकारी गोपेश तिवारी ने बताया कि मऊरानीपुर क्षेत्र में तमाम अराजक तत्व सरकारी जमीनों पर काफी समय से अवैध रूप से कब्जा किए हुए हैं जिन्हें कब्जा छोड़ने के लिए तमाम बार आदेशित किया गया है लेकिन वह अवैध कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर रूप से सरकारी जमीनों पर किए गए अतिक्रमणों को शक्ति से हटाया जाएगा इस मौके पर थाना प्रभारी मऊरानीपुर जेपी पाल, थाना अध्यक्ष कटेरा महाराज सिंह, थाना अध्यक्ष थोड़ी फतेहपुर कौशल किशोर मिश्रा, थाना प्रभारी लहचूरा धर्मेंद्र सिंह चौहान सहित सर्कल के समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों से जाना कुशलक्षेम



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

वृद्धजनों को मिष्ठान व कम्बल भेंटकर दिलाया अपनेपन का एहसास श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने थाना कोतवाली भिनगा क्षेत्रांतर्गत कस्बा भिनगा पहुंचकर वृद्धजनों का कुशलक्षेम जाना और मिष्ठान वितरण कर वृद्धजनों को इस कड़ाके की ठण्ड में 100 कम्बल वितरण कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों/बुजुर्गों के स्वास्थ्य के सम्बन्ध में वहॉ के केयर टेकर से वार्ता की तथा उनसे वृद्धजनों के खान-पान व स्वास्थ्य की उचित देखभाल करने के लिये बताया तथा ठंड से बचने के लिए अलाव हेतु लकड़ियों की व्यवस्था भी की गई।इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक को0 भिनगा महिमानाथ उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी/कर्म0गण मौजूद रहे।

# जीएलबी मैमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव की बिखरी छटा

क्यूँ न लिखूँ सच



रिठौरा।नगर के जीएलबी मैमोरियल पब्लिक स्कूल में वृहस्पतिवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवाबगंज विधायक डाक्टर एमपी आर्या , कालेज चेयरमैन सुरेश वर्मा, प्रबन्धक मयंक मल्होत्रा, मोना ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा विद्यालयों में वार्षिकोत्सव प्राचीन भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। स्कूली बच्चों ने शिव वन्दना ,लकड़ी की काठी,स्पीच, सपने रे सपने,बादल पे पानू है,झूबी-ढूबी, शिक्षा पर एकांकी कश्मीरी बूमरो -,बुमरो छम-छम , पाण्डेय जी की सीटी,पिंगा दा पोरी, मोरनी,ऑल इज बेल,मलहारी बजने दे, बड़ी मुश्किल, राजस्थानी नृत्य के साथ विद्यालय की शिक्षाओं ने देशप्रेम के गीत पर नृत्य कर अभिभावकों का मन मोह लिया।इस मौके पर अरूण टण्डन, राजेश गौड़, मुक्ता शर्मा, शिरीष मल्होत्रा, चेयरमैन प्रतिनिधि अमित गुप्ता, धनपाल सिंह शिक्षिका लीना,डालिया सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सशस्त्र सीमा बल ने की ग्राम सुरक्षा समिति बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल




श्रावस्ती संदीप कुमार जेटली, कार्यवाहक कमाडेंट 62वी वाहिनी स. सी. बल भिनगा के दिशा निर्देशन एवं निरीक्षक रघुनाथ की अध्यक्षता में 'एफ' समवाय ककरदरी के अंतर्गत आने वाले गाँव ककरदरी में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया इस दौरान निरीक्षक रघुनाथ द्वारा सर्वप्रथम ग्रामीणों एवं ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों का अभिवादन किया और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा 7 ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि गाँव में शिक्षा में सुधार होना चाहिए, सडकों की मरम्मत होनी चाहिए, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होना चाहिए एवं विधवा महिला को घर चलाने हेतु सिलाई मशीन उपलब्ध कराने हेतु आग्रह किया है 7 ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद निरीक्षक रघुनाथ ने आश्वाशन दिया की आप लोंगो की समस्या का हल के लिए आगे जिला मुख्यालय भिनगा की बैठक में रखा जायेगा 7 आगे ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि एस.एस.बी. के द्वारा सीमावर्ती लोंगो के सतत विकास एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु बकरी पालन, मुर्गी पालन एवं मशरूम की खेती का प्रशिक्षण के साथ बकरी एवं मुर्गी का वितरण भी किया जा रहा है रोजगारपरक वोकेशनल प्रशिक्षण जैसे कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं मोटर ड्राइविंग आदि कोर्से का आयोजन किया जा रहा है/ इस मौके पर समवाय 'जी' समवाय प्रभारी उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह, नारायण सिंह, सहायक उप निरीक्षक देवाशीष मजुमदार के साथ 6 अन्य जवान एवं लगभग 30 ग्रामीण उपस्थित रहे

ताज़ा खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSLIVE.COM

# When and how did World Braille Day start, know what is Braille script?

Every year 4th January is celebrated as World Braille Day. This day is a very important day for the visually impaired globally. This day is celebrated on the occasion of the birthday of a person named Lewis Braille. Louis Braille was an inventor who invented the Braille script. Braille script is the language of blind people, which they use to read and write. To give equal status to people who have lost their eyesight due to





birth or any other reason in the society and to ensure that they are not deprived of education and career due to physical deficiency, Louis Braille invented the Braille script and made it possible for the visually impaired. Helped to become self-reliant. He did not receive respect for this contribution during his lifetime, but later the celebration of World Braille Day was started and on the occasion of Louis Braille's birthday, this day was dedicated to remembering him. Let us know about Braille script, how was it invented? Who was Louis Braille, the inventor of Braille script and the history and significance of this day. Who was Louis Braille? - Louis Braille was born on 4 January 1809 in a village named Coupray in France. His father's name was Simon Raleigh Braille, who by profession made saddles and saddles for royal horses. The financial condition of the family was tight, due to which Lewis started working with his father at the age of just three. However, in an accident a knife entered one of his eyes and the eye got damaged. Later he also started losing vision in his other eye. Due to poverty he could not even get proper treatment. At the age of 8, Louis Braille lost his vision completely. How was the Braille script invented? - Louis Braille did not give up and enrolled in the school of the blind. During this time he came to know about an army code which helped in reading the messages even in the dark. Lewis also thought of such a script for the blind and invented the Braille script. What is the Braille script? Braille script is like a boon for those who cannot see. Braille is a tactile code for reading and writing for the blind. In this, a special type of embossed paper is used, on which the raised dots can be read by touching them. Braille script can be written through 'Braillewriter', a machine similar to typewriter. Apart from this, one can also write through stylus and braille slate. The raised dots in Braille are called 'cells'. History of World Braille Day - According to a report by the World Health Organization of the United Nations, about 39 million people around the world cannot see. At the same time, about 253 million people have some kind of vision disorder. Due to such a large number of visually impaired people, the United Nations General Assembly passed a resolution on 6 November 2018 that World Braille Day will be celebrated every year on 4 January, the birthday of Louis Braille.

# MBA pass Arun Yogiraj How to become a sculptor, know the story of the idol carver for Ram temple

The process of selecting the idol for the Ram temple being built in Ayodhya is going on. Three sculptors were selected from Shri Ram Janmabhoomi Teerth Kshetra to carve the idol. The three sculptors were making different statues, out of which there is talk of installing the statue of Arun Yogiraj in the Ram temple. He has carved a black colored idol. The statue





made by sculptor Arun Yogiraj has many specialties, due to which his statue can be selected, but do you know who Arun Yogiraj is? Let us know who is Arun Yogiraj, the sculptor who created the idol for Ram temple, how educated is he, and what does he like to do apart from carving idols? Who is Arun Yogiraj? Arun Yogiraj belongs to a family of famous Mysore palace sculptors. He is the fifth generation sculptor of his family. His father Yogiraj Shilpi is also an excellent sculptor and grandfather Basavanna Shilpi was patronized by the King of Mysore. How educated is Arun Yogiraj? Arun Yogiraj is a resident of Mysore, Karnataka. Belonging to a family of sculptors, Arun Yogiraj remained associated with sculpture since childhood. However, he completed his MBA from Mysore University and started his career by working in a private company. Later, he could not stop the sculptor inside him and left his job and started working in the field of sculpture in 2008. Arun Yogiraj's career as a sculptor - Arun Yogiraj had earlier created a 30 feet high statue of Subhash Chandra Bose installed behind the Amar Jawan Jyoti Sthal at India Gate, Delhi. This statue was installed by Prime Minister Narendra Modi under a grand umbrella. Apart from this, the 12 feet high statue of Adi Shankaracharya installed in Kedarnath Dham has also been made by Arun Yogiraj. He also carved the 21 feet high Hanuman statue in Mysore. At present, Arun Yogiraj is considered to be one of the busiest sculptors of the country. Achievements of Arun Yogiraj - Sculptor Arun Yogiraj has been honored by many institutions for his commendable work in the field of art. The royal family of Mysore has given him special respect. Apart from this, Kofi Annan, former Secretary General of the United Nations Organization, visited his workshop and praised him. Nalawadi Award 2020 by Mysore District Administration, Honorary Membership by Karnataka Crafts Council 2021, South Zone Young Talented Artist Award 2014 by Government of India, Shilpa Kaustubha Award by Sports Academy of Mysore District and awarded by the Chief Minister of Karnataka



# If your feet are losing moisture in winter then use these things.

December season is going on. In such a situation, winter has worsened everyone's condition. Everyone is wearing jackets and sweaters to protect themselves from the cold, but still the cold is troubling people. It becomes very important to take care of the skin in this cold season, because cold has a direct impact on the skin. The skin becomes very dry during this winter season. People use various types of skin care products to get rid of dryness of the skin. People take care of the face and hands, but when it comes to the feet, not everyone is able to take care of the feet. Due to which the feet start becoming very dry. If you have the same problem then you can get rid of this problem at home. Today we will tell you about some such things, using which your feet will become soft. Petroleum Jelly- If your feet are becoming very dry and you do not have enough time to do any kind of foot care, then petroleum jelly is a better option for this. You can easily make your feet soft by using petroleum jelly. You will easily get petroleum jelly in the market. Honey- There are many elements found in honey, which can relieve you from dryness of the skin. If you want to use honey, apply it on your feet for 10 to 15 minutes and then clean your feet with lukewarm water. You will definitely get benefit from this. Aloe Vera- There would hardly be any house in India where Aloe Vera would not be found. In such a situation, you can use it very easily. You will get readymade aloe vera gel in the market, which you can use directly on your feet. If you have fresh aloe vera at home, then use it to maintain the moisture of your feet. Coconut Oil - If you are looking for something which you do not have to spend a lot of money to use, then coconut oil. Oil is a better option for you. By using this you can maintain the moisture of your feet.



